

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 11 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-163 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो, 3 बच्चों समेत 9 सवारों की मौत

### तीज त्यौहार मनाने रायपुर से नागपुर जा रहा था परिवार

**भंडारा,11 सितंबर।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 9 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल के लिए भेजा।

यह हादसा भंडारा जिले के पिंपलगांव के पास नागपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां बोलेरो गाड़ी खड़े ट्रक से जा टकराई। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि बोलेरो गाड़ी में 16 से 17 लोग सवार थे। सभी लोग छत्तीसगढ़ से तीज त्योहार के लिए नागपुर जा रहे थे।



टक्कर के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय नागरिकों और राहगीरों की मदद से घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। इसके बाद सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया। हालांकि, 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जिनके शवों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, इलाज के लिए नागपुर ले जाई जा रही एक महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई। मृतकों में चार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि अन्य की पहचान की जा रही है। मरने वाले बच्चों की उम्र 5 साल से कम थी।

वहीं, गाड़ी चालक समेत अन्य कई लोग घायल हैं। ड्राइवर और 3 बच्चों को भंडारा मेडिकल कॉलेज व अन्य घायलों को नागपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर लक्ष्मीकांत शहारे ने बताया कि मुंडिपार और पिंपलगांव के बीच हादसा। वहां रात के समय एक खड़ा ट्रक था। करीब 3 बजे, खड़े ट्रक को एक बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। घायल लोगों का पहले हमारे साकोली स्थित अस्पताल में इलाज हुआ, वहां से उन्हें भंडारा रेफर किया गया। भंडारा से कुछ लोगों को नागपुर जीएमसी के लिए रेफर किया गया।



## संविधान की धज्जी उड़ा रही है कांग्रेस: शिवराज

**रायपुर,11 सितंबर।** कर्नाटक सरकार के वंदे मातरम को लेकर लिए गए निर्णय पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना रोष जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान की धज्जियां उड़ा रही है. संसद में विधेयक को पारित कर वंदे मातरम पर कानून बना है. कर्नाटक सरकार का फैसला अलोकतांत्रिक है. कांग्रेस सरकार का यह फैसला भारत माता का अपमान है.

सक्ती जिले के ग्राम जेठा में आयोजित PM आवास और लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा की. कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुत प्यार दिया. छत्तीसगढ़ में विकास की बाजार बह रही है. कका और कांग्रेस ने मिलकर छत्तीसगढ़ को तबाह किया था. उन्होंने कहा कि भाजपा ने गरीबों को मकान का अधिकार दिया. 3 लाख 65 हजार से ज्यादा मकान गरीबों के लिए स्वीकृत हुए हैं. आज मुख्यमंत्री को स्वीकृति पत्र दे रहा हूं. छत्तीसगढ़ में हर दिन 1600 मकान पूरे हो रहे हैं. विकसित भारत जीरामजी में भी छत्तीसगढ़ का सहयोग मिल रहा है. विकसित भारत के तहत खेत से सड़क योजना सम्मिलित कर ली गई है. 36 करोड़ रुपए की छत्तीसगढ़ स्वीकृत हुई है. ग्रामीण विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ के लिए सड़कें स्वीकृत की हैं. 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने देश का स्वाभिमान बढ़ाया है. भारत माता फिर से अंगड़ाई ले रही है. विश्व गुरु के पथ पर चल रहा है. वहीं BRICS समिट पर कांग्रेस के सवाल उठाए जाने पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दुनिया की आधी आबादी का नेतृत्व एक धरती पर इकट्ठा हो रहा है. पूरी दुनिया की नजर BRICS सम्मेलन पर हैं. जब दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ता है तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है. कांग्रेस हमारे देश की प्रतिष्ठा पर उंगली उठाती है. देश की प्रगति और विकास से कांग्रेस प्रसन्न नहीं हो सकती.

### तप्त कुंड में नहाते समय दो श्रद्धालुओं की मौत

**चमोली ,11 सितंबर** । बद्रीनाथ धाम में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। तप्त कुंड में स्नान के दौरान दो बुजुर्ग महिला यात्रियों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 5 बजे की है। चमोली पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 63 वर्षीय प्रेमा देवी और 71 वर्षीय रामू देवी के रूप में हुई है। दोनों महिलाएं राजस्थान की रहने वाली थीं। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं तप्त कुंड में स्नान कर रही थीं, तभी वे कुंड के अंदर बेहोश हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस और मंदिर प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन अधिक उम्र होने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### छत्तीसगढ़ में 'हनुमान अंश' फिल्म टैक्स फ्री

**रायपुर, 11सितंबर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने फिल्म 'हनुमान अंश' को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म देखने के बाद इसे राज्य में टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर स्थित जोरा मॉल के सिनेमाघर में सपरिवार फिल्म 'हनुमान अंश' देखी। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी सपरिवार उपस्थित रहे। मंत्रिपरिषद के सदस्य तथा विभिन्न निगम-मंडल-आयोगों के अध्यक्षों ने भी फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद मुख्यमंत्री साय ने 'हनुमान अंश' को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और संत परंपरा से समाज को परिचित कराने वाली ऐसी प्रेरणादायी फिल्में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए। फिल्म को टैक्स फ्री किए जाने से प्रदेश के अधिकाधिक दर्शकों, विशेषकर युवाओं को भारत की समृद्ध संत परंपरा और उसके जीवन मूल्यों को जानने का अवसर मिलेगा।

### कोयलीबेड़ा में 122 ग्रामीणों ने थामा भगवा

**रायपुर ,11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में कोयलीबेड़ा मंडल क्षेत्र के 122 ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वालों में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के साथ जनपद सदस्य, सरपंच और ग्राम पटेल भी शामिल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी नए सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### बागेश्वर बाबा की फोटो जलाने वालों को गिरफ्तार करने के निर्देश

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा की तस्वीरें जलाने वालों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया है।मालूम हो कि बागेश्वर बाबा ने अपने बंगाल दौरे के दौरान दुर्गापूजा और नवरात्रि में बंगाल के हिंदुओं से मांसाहार और मदिरा छोड़ने की अपील की थी।उन्होंने धार्मिक आयोजनों और पूजा पंडालों के पास मांस-मछली खाने और बेचने वालों को पाखंडी और ढोंगी कह दिया था, जिसकी काफी आलोचना हुई थी। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। कोलकाता के भवानीपुर थाने के सामने बागेश्वर बाबा की तस्वीरें भी जलाई गईं। प्रदर्शनकारियों ने इसे बंगाली खान-पान, पहचान और संस्कृति के विरुद्ध टिप्पणी करार दिया। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई धार्मिक नेता अपने धर्म, परंपरा व संस्कृति के बारे में अपनी राय रख सकता है। मुख्यमंत्री ने भवानीपुर थाने के सामने बागेश्वर बाबा की तस्वीरें जलाए जाने का उल्लेख करते हुए कोलकाता के पुलिस आयुक्त को संबंधित लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।दो-टूक कहा कि बंगाल में इस तरह की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

## म्यूल खातों से 4 करोड़ की साइबर ठगी का नेटवर्क बेनकाब, 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर, 11 सितंबर।** म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर करने वाले संगठित गिरोह का रेंज साइबर थाना ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में इनके बैंक खातों के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों



से साइबर अपराध की 50 शिकायतें सामने आई हैं। इनमें करीब 4 करोड़ रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े लेन-देन की जानकारी मिली है। रेंज साइबर थाने के नोडल अधिकारी सीएसपी गगन कुमार के मुताबिक, मामला छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की मंगला शाखा में संचालित एक खाते में संदिग्ध लेन-देन मिलने से शुरू हुआ। अजय फार्म हाउस के नाम से खुले खाते में 18 मई से 12 जून के बीच महज 25 दिनों में 2 करोड़ 20 लाख 68 हजार 443 रुपए का संदिग्ध लेन-देन हुआ। बैंक स्टेटमेंट, केवाईसी दस्तावेज, मोबाइल नंबर और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के बाद पुलिस ने नेटवर्क से जुड़े छह लोगों को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी कमीशन के लालच में बैंक खाते खुलवाकर उनके एटीएम, सिम और अन्य बैंकिंग साधन दूसरे लोगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों में साइबर ठगी की रकम आती और फिर दूसरे खातों में भेज दी जाती थी।

जांच में अजय कुमार सोनी, अभिलाष कुमार डेनियल उर्फ चिंटू, भास्कर कश्यप, नरेन्द्र कुर्रे, आशीष तिवारी और देवेश कुमार दास उर्फ रोबिन की भूमिका सामने आई। इनमें कुछ आरोपी खाते उपलब्ध कराने, संपर्क कराने और खाताधारकों को जोड़ने, जबकि देवेश खातों में आवश्यक एप्लीकेशन डाउनलोड कर उन्हें ऑनलाइन गतिविधियों में इस्तेमाल करने का काम करता था।

**किसे कितना कमीशन:** अभिलाष डेनियल और भास्कर कश्यप को 20-20 हजार तथा आशीष तिवारी को 25 हजार रुपए कमीशन मिलने की जानकारी मिली है। नरेन्द्र कुर्रे खाताधारकों को लेन-देन के आधार पर करीब 2.8 प्रतिशत कमीशन देने की बात करता था।

**11 राज्यों से शिकायतें:** अजय सोनी से जुड़े खाते के खिलाफ 11 राज्यों से 21, भास्कर कश्यप के खाते के खिलाफ विभिन्न राज्यों से 24, नरेन्द्र कुर्रे के खाते पर दो और आशीष तिवारी के खाते पर तीन साइबर अपराध शिकायतें मिली हैं। पुलिस ने मोबाइल, सिम, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और खातों की तलाश जारी है।

### चीनी मीडिया ने पीएम मोदी की तारीफ की

**नई दिल्ली,11सितंबर।** 7 साल बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत यात्रा पर आ रहे हैं। 18वें ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए शी जिनपिंग 12 सितंबर को सुबह 11 बजे दिल्ली आ सकते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए भारत आने का न्योता दिया था। जिनपिंग ने भारत आने पर सहमति दी थी। अब जिनपिंग का भारत आना कन्फर्म हो गया है। इससे दुनिया की निगाहें भारत और चीन पर है। भारत के इस पहल पर चीनी मीडिया ने पीएम मोदी की तारीफ की है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने भारतीय और चीनी विशेषज्ञों के हवाले से इस दौरे को रिश्ते सुधारने का बड़ा मौका बताया है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में इस यात्रा को छप रहे खबरों को एक बड़े स्तर की कूटनीतिक पहल बताया है,।

## चिन्मय दास को मां की अंतिम यात्रा के लिए सिर्फ 5 घंटे की परोल

### रोते हुए मंदिर पहुंचे बांग्लादेश के हिंदू संत

**ढाका,11 सितंबर।** बांग्लादेश में बेबुनियाद आरोपों में जेल में बंद हिंदू अधिकार कार्यकर्ता और इस्कोन के संत चिन्मय कृष्ण दास को मां के अंतिम संस्कार के लिए केवल पांच घंटे की परोल दी गई। जिस मां की लोरियां सुनकर चिन्मय दास को कभी नींद आया करती रही होगी, अंतिम समय में वह उनके पास भी नहीं रह पाए। उन्होंने कई बार मां से मिलने के लिए परोल की कोशिश की लेकिन क्रूर अदालत ने अंतिम समय में भी उन्हें मां से मिलने नहीं दिया। जानकारी के मुताबिक चिन्मय दास की मां को कैंसर था। वह अंतिम दिनों में अस्पताल में नहीं रहना चाहती थीं। उनकी इच्छा थी कि वह अंतिम समय में अपने बेटे के आश्रम में रहें। क्रूरता की हदें तो तब पार हो गईं जब चिन्मय दास को मां की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए भी केवल पांच घंटे का वक्त दिया गया। इस दौरान वह इस्कोन मंदिर में दर्शन करने भी पहुंचे। मंदिर में वह बेहद भावुक हो गए और रो पड़े। वहीं मां के अंतिम संस्कार के लिए पूरे दिन की भी परोल ना देकर बांग्लादेशी कोर्ट ने भी हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन कर दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि चिन्मय कृष्ण दास फूट-फूटकर रो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उनकी मां लंबे समय से बीमार थीं। चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करते हैं।

## मंत्री खुशवंत साहब के भाई ने थामा कांग्रेस का हाथ

**रायपुर,11 सितंबर।** सतनामी समाज के प्रमुख धर्मगुरु गुरु बालदास के बड़े पुत्र एवं मंत्री खुशवंत साहब के बड़े भाई ढाल दास ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। पूर्व सीएम के रायपुर निवास में आयोजित कार्यक्रम में भूपेश बघेल ने कांग्रेस में शामिल होने पर पार्टी का गमछा पहनाकर ढाल दास का स्वागत किया। उनके कांग्रेस प्रवेश से प्रदेश की सियासत में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। ढाल दास के कांग्रेस में शामिल होने को राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उनके परिवार की सामाजिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखते हुए कांग्रेस में उनका प्रवेश पार्टी के लिए भी अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि गुरु बालदास का सतनामी समाज में प्रभाव माना जाता है,



जबकि उनके पुत्र खुशवंत साहब वर्तमान भाजपा सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में परिवार के वरिष्ठ सदस्य ढाल दास के कांग्रेस में शामिल होने से प्रदेश की राजनीति में इसके संभावित असर को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। सतनामी समाज के प्रमुख धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब का परिवार बाबा गुरु घासीदास के वंश (गुरुद्वारा भंडारपुरी धाम) से ताल्लुक रखता है। छत्तीसगढ़ के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में इस गुरु परिवार का बहुत बड़ा प्रभाव माना जाता है। गुरु बालदास के चार बेटे ढाल दास, सोमेश दास, खुशवंत दास और सौरभ दास हैं। वहीं एक बेटी भी है। इनमें ढाल दास सबसे बड़े हैं। गुरु ढालदास साहेब सतनामी समाज के राजागुरु धर्मगुरु बालदास साहेब के परिवार के एक अत्यंत महत्वपूर्ण सदस्य हैं। समाज में उन्हें जेष्ठ भ्राता (बड़े भाई) के रूप में स्थान प्राप्त है और वे गुरु परिवार के एक प्रमुख मार्गदर्शक माने जाते हैं। वे गुरु घासीदास बाबा की पवित्र वंश परंपरा (भंडारपुरी धाम/गिरौधपुरी धाम) से जुड़े हुए हैं। गुरु ढालदास साहेब को उनके छोटे भाइयों (जैसे विधायक गुरु खुशवंत साहेब) और संपूर्ण सतनामी समाज द्वारा गुरु परिवार का प्रेरणादायी व्यक्तित्व और मार्गदर्शक माना जाता है। सतनामी समाज के सबसे बड़े धार्मिक केंद्र गिरौधपुरी धाम मेला और भंडारपुरी धाम के प्रमुख आयोजनों में वे राजागुरु बालदास साहेब एवं अपने अन्य भाइयों (गुरु सोमेश बाबा और गुरु सौरभ बाबा) के साथ मुख्य रूप से उपस्थित रहते हैं और समाज को आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## भारत में स्वागत से गद्गद् हुए अफ्रीकी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली,11 सितंबर।** राजधानी नई दिल्ली के आसमान से जब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा का विशेष विमान पालम एयरबेस की धरती पर उतरा तो नजारा देखने लायक था। जैसे ही राष्ट्रपति रामा फोसा सीढ़ियों से नीचे उतरे भारतीय परंपरा के मुताबिक उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया गया और उसका वीडियो आपके सामने है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आगे बढ़कर जब हाथ मिलाया तो दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति के चेहरे पर एक बड़ी और सहज मुस्कान तैर गई। हाथ जोड़कर नमस्ते करते राष्ट्रपति रामाफोसा की यह मुस्कान सिर्फ कूटनीतिक औपचारिकता नहीं थी बल्कि यह भारत और दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक अटूट और भावनात्मक रिश्तों की सबसे ताजा तस्वीर और वीडियो है। दिल्ली इस वक्त सज चुकी है। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है और




दुनिया का ध्यान सिर्फ एक जगह पर टिका है। 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2026 दरअसल 12 और 13 सितंबर को होने वाले इस दो दिवसीय महासम्मेलन के लिए दुनिया भर के राष्ट्रध्यक्षों और शीर्ष राजनायिकों का दिल्ली पहुंचना लगातार जारी है। अब दिल्ली एयरपोर्ट पर दिग्गजों का तांता लगा है। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरील लामा फोसा अपने उच्च स्तरीय डेलीगेशन के साथ दिल्ली पहुंच चुके हैं जो ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों में शामिल हैं। युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलूपो भी राजधानी पहुंची। युगांडा ब्रिक्स के 10 प्रमुख साझेदार देशों में से एक है। कौशल विकास और उदमिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जैन चौधरी ने दोनों स्वीस नेताओं की आगवानी की और भारत की ओर से आत्मी स्वागत किया। इसके अलावा उग्व के विदेश मंत्री मारियो लुबेटकिन और नाइजीरिया के विदेश मंत्री बियांका और फिलीपींस के विदेश सचिव मारिया थेरेसा पी लाज़ारो भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंच चुके हैं। राजधानी इस वक्त ग्लोबल डिप्लोमेसी की सबसे बड़ी धुरी बन चुकी है। साल 2026 में ब्रिक्स की कमान भारत के हाथों में है। भारत ने इस बार शिखर सम्मेलन की जो थीम तय की है वह पूरी दुनिया के वर्तमान हालात को देखते हुए बेहद प्रासंगिक है। लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण। भारत की इस अध्यक्षता के तीन सबसे बड़े राजनीतिक स्तंभ तय किए गए हैं। पहला है ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंदी देना यानी विकासशील और अविकसित देशों के आर्थिक व सामाजिक हितों को वैश्विक मंचों पर प्रमुखता से उठाना। दूसरा है इनोवेशन और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यानी भारत की यूपीआई और डिजिटल मॉडल। अब ब्रिक्स देशों के बीच व्यापारिक लेनदेन को आसान बनाने की दिशा में काम करेगा। का तीसरा है स्थिरता और सतत विकास।

जलवायु परिवर्तन, रिन्यूएबल एनर्जी और खाद्य सुरक्षा जैसे संकटों पर ठोस नीति बनाना। बता दें ब्रिक्स अब केवल पांच अक्षरों तक सीमित नहीं है। मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई के जुड़ने के बाद यह समूह 11 देशों का एक विशाल आर्थिक मंच बन चुका है। अब 11 देशों की महाशक्ति और वैश्विक आंकड़े भी जान लीजिए।

### भारत में 80 लाख से ज्यादा एचपीवी टीके लगाए गए : स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली ,11 सितंबर** । भारत ने हेल्थ सेक्टर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। देश में 80 लाख से ज्यादा एचपीवी टीकाकरण पूरे हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी एक्स पर पोस्ट के जरिए दी है।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, भारत ने 80 लाख एचपीवी टीकाकरण का आंकड़ा पार कर लिया है, जो प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को मजबूत करने और एचपीवी संक्रमण और इससे जुड़े कैंसर से सुरक्षा को आगे बढ़ाने में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हर टीकाकरण के साथ, भारत अपनी बेटियों के लिए एक स्वस्थ, कैंसर-मुक्त भविष्य की ओर एक और कदम बढ़ा रहा है।

# मोदी के जन्मदिन पर पंचायत सचिवों को मिले शासकीयकरण की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 सितंबर।** पंचायत सचिव संघ ने उठाई मांग–'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारकर किया जाए पँचायत सचिवो की शासकीयकरण प्रदेश पँचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने मांग किया कि, माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के पावन अवसर 17 सितम्बर 2026 को प्रदेश के समस्त पँचायत सचिवों को शासकीयकरण की सौगात देते हुए शासकीय कर्मचारी का दर्जा व नियुक्ति तिथि से गणना करते हुए शासकीय कर्मचारी की भांति समस्त सुविधा प्रदान किया जाय।

प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव पँचायत विभाग के साथ साथ 29 विभाग के 200 प्रकार के काम करने वाले पँचायत सचिव प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, सोलर योजना और ग्रामीण विकास की योजनाओं के क्रियान्वयन सहित अन्य विभाग के कार्यो को सफलता पूर्वक करते हुए राज्य व केन्द्र की समस्त योजनाओं का लाभ पात्र ब्यक्तियो तक पहुचते है। विदित हो कि पँचायत सचिवो की शासकीयकरण की मांग भाजपा के जन घोषणा पत्र व मोदी जी गारंटी में शामिल है जिसे 100 दिन के भीतर मांग के अनुरूप शासकीयकरण का आश्वासन दिया गया था उक्त मांग को पूर्ण कराने के लिए प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव द्वारा 07 जुलाई 2024 को इनडोर स्टेडियम रायपुर में (रथयात्रा के दिन) पँचायत सचिव पदस्थापना दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा शासकीयकरण की आस में दस हजार से अधिक पंचायत सचिव सह परिवार उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी, उपमुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा जी, माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी, भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक व सांसद दुर्ग श्री विजय बघेल जी सहित अतिथियों की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पँचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए समिति गठित करके एक माह में मोदी जी की गारंटी में शामिल शासकीयकरण सौगात को पँचायत सचिवो के मांग के अनुरूप पूर्ण करने का भरोषा दिलाया था परंतु मांग पूर्ण नही होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी से सौजन्य मुलाकात करके मांग पूर्ण कराने के लिए अनुरोध किया गया जिसपर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बजट 2025 में शासकीयकरण की सौगात का भरोसा दिलाया गया था परंतु पँचायत सचिवों की मांग बजट में भी शामिल नही होने व शासकीयकरण के लिए शासन प्रशासन द्वारा लगातार पँचायत सचिवो के साथ छलावा करने के कारण क्षुब्ध व आक्रोशित होकर प्रांतीय आह्वान पर अनिश्चित कालीन आंदोलन किया गया व शासन प्रशासन के मध्य चर्चा का दौर जारी रहा, माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय पँचायत मंत्री जी व विभागीय अधिकारियों के साथ सहमति बनने पर कि प्रदेश के समस्त पँचायत सचिवों को वर्ष 2026 में शासकीयकरण करके शासकीय कर्मचारियों की भांति समस्त सुविधाएँ प्रदान करने की सहमति पर आंदोलन स्थगित किया गया था। दिलाये गए भरोसा व मोदी की गारंटी को अमल में लाते हुए प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के पावन अवसर पर पंचायत सचिवो को शासकीयकरण का सौगात दिया जाये।



### गणेश चतुर्थी सहित 7 निर्धारित दिनों में मांस बिक्री रहेगी बंद

**भिलाई, 11 सितंबर।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्धारित तिथियों पर पशुवध, गृह जीव हत्या एवं सभी मांस बिक्री केंद्रों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शासन के परिपत्र का पालन करते हुए संबंधित मांस विक्रेताओं एवं व्यवसायियों को निर्धारित प्रतिबंधित दिवसों में मांस बिक्री और पशुवध पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार 14 सितंबर सोमवार गणेश चतुर्थी, 16 सितंबर बुधवार पर्युषण पर्व प्रथम दिवस, 22 सितंबर (मंगलवार) डोल ग्यारस, 25 सितंबर (शुक्रवार) अनंत चतुर्दशी एवं पर्युषण पर्व का अंतिम दिवस, 26 सितंबर (शनिवार) पर्युषण पर्व में संवत्सरी एवं उत्तम क्षमा तथा 2 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर निगम क्षेत्र में सभी पशुवध एवं मांस बिक्री केंद्र बंद रहेंगे।

## एक नजर


### 10 दिन पहले लापता नाबालिग के सकुशल बरामद होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**भिलाई, 11 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र से करीब 10 दिन पहले लापता हुई 17 वर्षीय नाबालिग के सकुशल बरामद होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं मामले में राजनांदगांव 8वीं बटालियन में पदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केबी सिंह पर नाबालिग को अपने प्रभाव में रखने, शराब के नशे में दुर्व्यवहार और परिजनों पर दबाव बनाने के आरोप लगे हैं नाबालिक के परिजनों ने बताया कि नाबालिग पिछले 7-8 महीने से तालपुरी ब्लॉक-ए स्थित एएसपी केबी सिंह के घर पर बच्चों की देखरेख का काम करती थी आरोप है कि शराब के नशे में अधिकारी उसके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार करते थे। इससे परेशान होकर नाबालिग ने नौकरी छोड़ दी और घर लौट आई थी। इसके बाद भी उस पर दोबारा काम पर आने का दबाव बनाया गया। धमकी भरे फोन आने पर नाबालिग ने नंबर ब्लॉक कर दिए थे 30 अगस्त को घर से निकली, वापस नहीं लौटी नाबालिग 30 अगस्त को घर से स्कूटी लेकर निकली, लेकिन वापस नहीं आई परिजनों ने अंडा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई आरोप है कि इसी दौरान एएसपी की ओर से परिजनों को फोन कर कहा गया कि नाबालिग किसी दूसरे नंबर से संपर्क में है और घर नहीं लौटना चाहती। परिजनों पर कोर्ट में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने का दबाव भी बनाया गया मामले की जांच के दौरान पाटन एसडीओपी प्रांशु तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम केबी सिंह के तालपुरी स्थित आवास पहुंची। परिजनों का आरोप है कि वहां पद का रौब दिखाया गया। इसके बाद परिजनों ने दुर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से शिकायत की। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में जांच और नाबालिग को बरामद करने के निर्देश दिए साली की गिरफ्तारी के बाद सामने आई नाबालिग अंडा पुलिस ने बताया कि जांच में नाबालिग को भिलाई के पल्स अस्पताल में केबी सिंह की साली डॉ. झरना राणा उर्फ स्वीटी के साथ देखे जाने की जानकारी मिली। पुलिस टीम सेक्टर-8 उसके घर पहुंची तो महिला ने कथित रूप से खुद पर केरोसिन डालने कोशिश की। रोकने पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक लिनिमा साहू के हाथ को काट लिया ।

### पुलिस ने बैंक के 25 संदिग्ध म्यूल खातों को चिन्हित कर खाताधारकों पर किया जुर्म दर्ज

**भिलाई, 11 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई साइबर ठगी के मामलों में इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों की जांच के दौरान खुर्सीपार थाने पुलिस ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 25 संदिग्ध म्यूल बैंक खातों को चिन्हित कर उनके खाताधारकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि समन्वय पोर्टल से प्राप्त साइबर ठगी संबंधी शिकायतों एवं बैंक खातों की जानकारी का परीक्षण किया गया जांच में सामने आया कि कुछ संदिग्ध खातों में साइबर ठगी से संबंधित रकम सीधे प्राप्त हुई पुलिस के अनुसार ये खाते लेयर-1 म्यूल खाते हैं, जिनका उपयोग ठगी की रकम प्राप्त करने, छिपाने, दूसरे खातों में ट्रांसफर करने अथवा रकम निकालकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने में किया गया। वर्ष 2024 से 2026 के बीच इन खातों में साइबर ठगी से संबंधित रकम का लेन-देन पाया। प्रथम दृष्टया संबंधित खाताधारकों ने स्वयं अथवा अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से प्राप्त रकम को प्राप्त करने और आगे स्थानांतरित करने के लिए किए जाने की बात सामने आई है मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 318 (3) एवं 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है

### ठगी के आरोप में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 11 सितंबर (तछसं.)।** जिला अस्पताल दुर्ग में मरीज के परिजन से रिश्तेदार को फोन करने के बहाने मोबाइल मांगकर बैंक खाते से 1.48 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वाले आरोपी कमलजीत बांदे उर्फ कमल (29), निवासी ग्राम तमोरा, थाना रानचिरई को दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की रकम से खरीदी गई सामग्री और नकदी समेत 55,700 रुपए का सामान बरामद किया है महमरा निवासी कुलेश्वर निषाद के पिता का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा था। आरोपी ने उससे मोबाइल लिया और भाग गया इसके बाद बैंक खाते से 1,48,301 रुपए निकाल लिए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

सम्मानित



### शिक्षा मंत्री ने शिक्षाविद चिरंजीव जैन को किया सम्मानित

**भिलाई, 11 सितंबर।** राज्य के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने आयोजित एक कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय पैरेंटिंग कोच एवं शिक्षाविद चिरंजीव जैन को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की गई।

### जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन

**दुर्ग, 11 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन, जनसंपर्क विभाग के निर्देश के परिपालन में जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक एक माह का विशेष 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करना, 'विकसित भारत 2047' का सामूहिक संकल्प लेना, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है । कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी आदेशानुसार अभियान के सुचारू क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग के लिए जिले के अधिकारियों को नोडल दायित्व सौंपे हैं।

## 12 सितंबर को मैराथन और 51 फीट ऊंचा भगवा ध्वजारोहण:पाण्डेय


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 सितंबर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा 12 सितंबर को भिलाई में सामाजिक सरोकार, खेल एवं सनातन संस्कृति से जुड़े दो भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह रन भिलाई रन - द स्टील सिटी रन मैराथन होगी, जबकि शाम को सेक्टर-9 चौक में 51 फीट ऊंचे विशाल भगवा ध्वज का ध्वजारोहण किया जाएगा। समिति की युवा शाखा के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित मैराथन की शुरुआत सुबह 6 बजे आई लव भिलाई चौक, सिविक सेंटर से होगी। 5 किलोमीटर की इस मैराथन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 1500 पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेताओं के लिए अलग-अलग नकद पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजन में लकी ड्रॉ के माध्यम से साइकिल, ट्रॉली बैग, स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स सहित विभिन्न उपहार भी प्रदान किए जाएंगे। मैराथन का विशेष आकर्षण दुर्ग के छात्रावासों में रहने वाले आदिवासी एवं अनाथ बच्चे होंगे। 'नक्सल मुक्त बस्तर' की सकारात्मक भावना के साथ इन बच्चों के लिए 100 एवं 200 मीटर की विशेष दौड़ आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने, उन्हें खेलों से जोड़ने और बस्तर की बदलती तस्वीर का सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। वहीं शाम 4ः30 बजे सेक्टर-9 चौक में 51 फीट ऊंचे विशाल भगवा ध्वज का भव्य ध्वजारोहण किया जाएगा। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं महाआरती के साथ ध्वज फहराया जाएगा। समिति के अनुसार यह आयोजन सनातन आस्था, रामभक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश देगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने भिलाई-दुर्ग सहित आसपास के क्षेत्रवासियों, युवाओं, मातृशक्ति एवं सनातन धर्मावलंबियों से दोनों आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## गणेश पंडालों के लिए अनुमति,सफाई शुल्क व सुरक्षा निधि जमा करना अनिवार्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 सितम्बर।** आयुक्त श्रीमती सुरुचि सिंह ने बैठक में विभिन्न कार्यों, आगामी गतिविधियों एवं शहर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए पंडाल निर्माण की अनुमति संबंधी शासन के निर्देशों पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों को बताया गया कि 5,000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी पंडालों के लिए अनुमति शुल्क, सफाई शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा करना अनिवार्य होगा। वहीं 5,000 वर्गफीट से छोटे पंडालों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने पर उनके लिए भी उक्त शुल्क एवं सुरक्षा निधि जमा करनी होगी। निगम द्वारा पंडाल के लिए 3.50 रुपये प्रति वर्गफीट अनुमति शुल्क तथा 2,000 रुपये सफाई शुल्क निर्धारित किया गया है। सुरक्षा निधि वापसी योग्य होगी। पंडाल संचालकों को निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए अनुमति लेने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में शहर के विभिन्न तालाबों को चरणबद्ध तरीके से चिन्हांकित कर जलकुंभी की सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए। शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत निगम द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा सीएम पोर्टल, जन शिकायत, नगरोत्थान योजना सहित अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। निगम के ईंधन व्यय में कमी लाने के प्रयासों की सराहना करते हुए वाहनों के बेहतर उपयोग एवं निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा की भी समीक्षा की गई। आयुक्त श्रीमती सुरुचि सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। शासन एवं निगम स्तर से जारी निर्देशों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के साथ शहर की स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, ऐशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, संजय वर्मा, अनिल सिंह, अरविन्द शर्मा, नितेश मेश्राम, लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राजस्व अधिकारी अभियंता एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3 लापता बच्चों को पुलिस ने 6 घंटे में ढूंढ निकाला





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 सितम्बर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र में अचानक लापता हुए तीन नाबालिग स्कूली बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर डोंगरगढ़ से सकुशल बरामद कर लिया हैं तीनों बच्चे 10 सितंबर को रोजाना की तरह स्कूल के लिए घर से निकले थे, लेकिन स्कूल परिसर में प्रवेश करने के बजाय अपने दो अन्य सहपाठियों के साथ कहीं चले गए थे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अंतर-जिला समन्वय की मदद से देर रात लगभग ढाई बजे बच्चों को डोंगरगढ़ मंदिर परिसर के पास से ढूंढ निकाला और परिजनों के सुपुर्द कर दिया पुलिस के मुताबिक घटना 10 सितंबर 2026 की है, जब तीन दर्शन मंदिर के पास महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्र के पिता ने रात करीब 8 बजे थाना छावनी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र सुबह 11 बजे स्कूल के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं लौटा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए छावनी पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साथ गए अन्य दो बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उनके संबंध में भी आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की गई विशेष पुलिस टीम ने स्कूल से लेकर पावर हाउस रेलवे स्टेशन तक के लगभग 20 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले सहपाठियों से पूछताछ और फुटेज के अवलोकन से बच्चों के रेलवे स्टेशन की ओर जाने और डोंगरगढ़ की तरफ निकलने का सुराग मिला छावनी थाने पुलिस ने बिना समय गंवाए डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन आरपीएफ एवं स्थानीय थाना पुलिस से संपर्क साधा और एक टीम डोंगरगढ़ रवाना की सुरक्षित वापसी के बाद परिजनों को सौंपा डोंगरगढ़ में चलाए गए सघन तलाशी अभियान के बाद तड़के 2ः30 बजे तीनों बच्चों को डोंगरगढ़ मंदिर के पास सुरक्षित खोज लिया गया आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया बच्चों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने दुर्ग पुलिस की तत्परता की सराहना की सफल कार्रवाई के बाद दुर्ग पुलिस ने अभिभावकों से विशेष अपील की है कि वे बच्चों के स्कूल आने-जाने के समय, उनके दोस्तों और गतिविधियों पर सतत नजर रखें बच्चा समय पर घर न पहुंचे तो बिना देरी किए तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## समाचार संक्षेप

### समिति ने लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल में 50 बेडशीट बांटे



**भिलाई, 11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के लिए 50 बेडशीट का वितरण किया गया। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीयम सिंह से सौजन्य भेंट कर मरीजों के उपयोग के लिए बेडशीट सौंपी। इस अवसर पर संस्था के सलाहकार, मार्गदर्शक एवं सदस्य एन.एन. राव, एम.वी. राव, के. उमाशंकर राव, संदीप गुप्ता, एम. पापाराव, जगमैया, डी. येसैया, वी. तिरुपति, सीएच. अप्पलस्वामी, जी. माधव राव, श्रीनिवास, पी. भरत, सुजल जायसवाल, एम. कोटेश्वर राव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पाइप लाइन लीकेज से सड़क पर जमा हो रहा पानी

**भिलाई, 11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वार्ड



क्रमांक 15, अंबेडकर नगर पोस्ट ऑफिस मार्ग (शांति नगर) में श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के सामने सड़क किनारे पाइपलाइन के ज्वाइंट से कई महीनों से लगातार पीने का पानी बहकर सड़क पर जमा हो रहा है। पानी के लगातार बहाव से सड़क भी खराब हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार लीकेज को रोकने के लिए पाइप पर रबर बांधकर अस्थायी रूप से काम चलाया जा रहा है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया है। शिवसेना के दुर्ग-भिलाई संयुक्त जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस समस्या को लेकर मोहल्लेवासियों एवं दुकानदारों द्वारा नगर निगम में कई बार शिकायत की जा चुकी है, इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर पाइपलाइन के लीकेज को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

### गांजा बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 11 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई डीएमसी तालाब के पास गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे दो नाबालिग को कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1.368 किलोग्राम गांजा एवं नगदी रकम जब्त की है कुम्हारी प्रभारी पारस ठकुर ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि डीएमसी तालाब कुम्हारी के पास दो संदिग्ध व्यक्ति अपने कब्जे में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार घेराबंदी कर दो नाबालिग को पकड़ा उनके कब्जे से पॉलिथिन में रखा कुल 1.368 किलोग्राम गांजा एवं 1,000 नगदी बरामद हुआ। मादक पदार्थ एवं नगदी को नियमानुसार जब्त कर कार्रवाई की है

## शाला प्रबंधन समिति की बैठक में दी परीक्षा की तैयारी की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन।** शासकीय प्राथमिक शाला कौही में शाला प्रबंधन समिति की मासिक बैठक का शुभारंभ पोला उत्सव के रूप में नंदिया बइला व जाता-पोरा पूजा पश्चात वालपेपर के अनावरण उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया, तत्पश्चात प्रधानपाठक राजेन्द्र मारकण्डे द्वारा त्रैमासिक परीक्षा, नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी व तीज अवकाश से संबंधित जानकारियां साझा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से पढ़कर निकले तिजहारिन बेटियों के सम्मान में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी तीज मिलन समारोह शासकीय प्राथमिक शाला कौही प्रांगण में दोपहर 3 बजे से ग्राम पंचायत,शाला परिवार सहित ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें तीजहारिन बेटियों के बचपन के खेलकूद, नृत्य,गीत, अभिव्यक्ति से संबंधित कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान सहित शाम को करू भात के आयोजन होंगे। तथा इस अवसर पर हेमलाल चतुर्वेदी फिल्म निर्माता निर्देशक गायक और अनिमेष शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में उपसरपंच हेमु सोनकर, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर देवांगन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिरेंद्र मारकण्डे, प्रधानपाठक राजेन्द्र मारकण्डे, शिक्षक टोकेन्द्र बिजौरा, त्रिलोचन साहू,चन्द्रकांत नेताम, शिक्षा स्वयं सेवी श्रीमती लेखा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

### विद्युत सुरक्षा कार्यशाला में शून्य दुर्घटना का लक्ष्य, कर्मचारियों को बताए सुरक्षा के गुर

**भिलाई, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत गाड़ाडीह वितरण केंद्र में विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें गाड़ाडीह, सेलूद एवं जामगांव (आर) वितरण केंद्रों के लाइन कर्मचारी एवं एफओसी कर्मी शामिल हुए।कार्यशाला में दुर्ग क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस. मनोज ने कर्मचारियों को विद्युत लाइनों पर कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां ही अधिकांश विद्युत दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। सुरक्षा नियमों और उपकरणों का सही उपयोग कर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।इस दौरान कर्मचारियों को सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर एवं डिस्चार्ज रॉड सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। कर्मचारियों को स्वयं के साथ सहकर्मियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए।

### 23 लाख की ठगी,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 11 सितंबर** भिलाई शेयर और आईपीओ ट्रेडिंग में रकम निवेश करने पर उसे दोगुना करने का झांसा देकर एक निजी कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर से 23 लाख 30 हजार रुपए की आनलाइन ठगी की है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि चौहान ग्रीनवैली जुनवानी निवासी जितेंद्र कुमार वासनिक (52 साल ) भिलाई स्टील प्लांट की नंदिनी लाइम स्टोन माइंस में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 दिसंबर 2025 को उनके बाइल पर एक अज्ञात नंबर से ट्सएप के माध्यम से ट्रेडिंग से बंधित लिंक और मैसेज भेजा गया। संपर्क करने पर संबंधित व्यक्ति अपने आपको ट्रेडिंग से जुड़ा बताते हुए शेयर आईपीओ में निवेश करने पर रकम मिलने का भरोसा दिलाया आरोपी की बातों में आकर जितेंद्र ने छह जनवरी 2026 को उसके द्वारा बताए गए यस बैंक के खाते में अपने भारतीय स्टेट बैंक खाते से योनो एप के माध्यम से पहली बार 50 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर किए इस के बाद अलग अलग तारीखों में आरोपी द्वारा बताए गए बैंक खातों में लगातार रकम जमा कराई गई। 12 फरवरी 2026 तक जितेंद्र ने कुल 23 लाख 30 हजार रुपए निवेश कर दिए शिकायतकर्ता के मुताबिक रकम जमा कराने के बाद आरोपी की ओर से न तो किसी प्रकार का लाभ दिया गया और न ही निवेश की गई मूल रकम वापस की गई इस के बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ उन्होंने सात सितंबर को स्मृति नगर चौकी में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने आवेदन की जांच के बाद प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का अपराध पाए जाने पर मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है ।

एक नजर

### पोरा पर्व पर गांवों में परंपरा के अनुसार बैलों की पूजा कर फोड़ा पोरा



**तिल्दा नेवरा 11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में मनाया जाने वाला पारंपरिक पोरा पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचलों के किसानों ने अपने बैलों को स्नान कराकर सजाया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से पोरा फोड़ने की रस्म निभाई। पोरा पर्व किसानों और पशुधन के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करने का महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस दिन बैलों को खेती के काम से विश्राम दिया जाता है। घरों में विशेष पकवान बनाए जाते हैं किसानी में कार्य आने वाले औजारों का परिवार के सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना के साथ पोला फोड़ने की परंपरा रहता हैं बच्चों और युवतियों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला गांवों में पारंपरिक गीत-संगीत और उत्सव का माहौल रहा।

### बीएमडब्ल्यू आई-5 एलडब्ल्यूबी ने भारत में दी दस्तक

**रायपुर 11 सितंबर।** इंडिया ने देश में पहली बार BMW i5 लॉन्ग व्हीलबेस लॉन्च की है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 79.60 लाख रखी गई है। कार का उत्पादन चेन्नई स्थित BMW ग्रुप प्लांट में स्थानीय स्तर पर किया जाएगा और डिलीवरी जल्द शुरू होगी। BMW i5 LWB की लंबाई 5,175 मिमी और व्हीलबेस 3,105 मिमी है, जिससे यह अपने सेगमेंट में बड़े आकार और विशाल रियर सीट स्पेस वाली सेडान बनती है। इसमें BMW Curved Display, Panoramic Glass Sunroof, Illuminated Interaction Bar और Bowers & Wilkins Surround Sound System जैसे फीचर्स मिलते हैं। कार में 81.6 kWh बैटरी दी गई है, जो MIDC के अनुसार 669 किमी तक की रेंज देती है। यह 268 hp की पावर और 410 हृद्व टॉर्क के साथ 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार 6.7 सेकंड में पकड़ सकती है। BMW ने इसके साथ First Edition भी पेश किया था, जिसकी सिर्फ 99 यूनिट्स उपलब्ध थीं। कंपनी के मुताबिक, सभी यूनिट्स लॉन्च से पहले ही बिक गईं। इस एडिशन में Rear Seat Entertainment Package और खास इंटीरियर-एक्सटीरियर एलिमेंट्स दिए गए हैं। भारतीय सड़कों के लिए i5 LWB में Adaptive Rear-A&le Air Suspension और बढ़ा हुआ ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है, जिससे आरामदायक राइड और बेहतर स्थिरता का दावा किया गया है।

### अखंड रामनाम सप्ताह के समापन पर निकली कृष्ण टोली, चौक-चौराहों पर हुई दही लूट




**सिमगा 11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा में आज दही लूट का कार्यक्रम हुआ सिमगा के राधे श्याम मंदिर में अखंड राम नाम सप्ताह का सात दिनों तक सीताराम भजन के बाद समापन हुआ अखंड राम नाम सप्ताह में हर जाति वह वर्ग के लोग पूरे दिल से भाग लिए अखंड राम नाम सप्ताह के समापन सभी उपस्थित रहे सिमगा के राधेश्याम मंदिर में सुनील माहेश्वरी रिंकू भाटिया भागवत सोनकर व राजा तिवारी ने भी खूब भक्ति की अखंड राम नाम सप्ताह के समापन पर सभी वर्ग के लोग एक साथ मिलकर सिमगा के राधेश्याम मंदिर से पूजा अर्चना कर कृष्ण भगवान की टोली बनाकर सिमगा नगर के सभी चौंक चौराहों में बंधी रस्सी से दही की मटकी मिष्ठान व अन्य चीज बंधी हुई भगवान कृष्ण की टोली द्वारा तोड़ी गई वही सुनील माहेश्वरी एवं सह परिवार घर पर पहुंची भगवान कृष्ण की टोली जी पूजा कर सह परिवार आशीर्वाद ग्रहण किया और मनोकामना की की हर वर्ष की तरह जो की 117 वर्षो से चले आ रहे इस अखंड राम नाम सप्ताह व भगवान श्री कृष्ण की टोली ऐसे ही दही लूट हर वर्ष करते रहे/

# जोखिमपूर्ण भवनो की जांच में होगी लापरवाही तो तय होगी जवाबदेही: मुख्यमंत्री

- अवैध और मिलावटी शराब के खिलाफपुलिस, आबकारी और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से चलाएं अभियान
- दूसरे राज्यों से अवैध शराब की आवक रोकने सीमावर्ती क्षेत्रों और परिवहन मार्गों पर बढ़ाएं निगरानी

**रायपुर 11 सितंबर।** विद्यार्थियों और नागरिकों के जीवन की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन की जिम्मेदारी केवल किसी घटना के बाद कार्रवाई करने तक सीमित नहीं है, बल्कि संभावित खतरों की पहले से पहचान कर उन्हें दूर करना भी हमारी जिम्मेदारी है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों में हॉस्टल, पीजी, कोचिंग सेंटर, स्कूल तथा बड़े शैक्षणिक भवनों का तत्काल निरीक्षण एवं सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां भी सुरक्षा संबंधी कमियां सामने आएं, वहां समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने जिलों में स्वयं इसकी नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि शासन के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिखाई दे। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्कूलों, पुस्तकालयों, छात्रावासों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित पुराने एवं जर्जर भवनों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे भवन, जिनकी स्थिति जोखिमपूर्ण है अथवा जिनसे किसी प्रकार की जनहानि की आशंका हो सकती है, उनकी पहचान कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान हो और दुर्घटना की आशंका को पहले ही समाप्त कर दिया जाए। विशेष रूप से बच्चों और विद्यार्थियों से जुड़े संस्थानों में सुरक्षा मानकों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिलों में सुरक्षा से संबंधित निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। केवल शिकायत अथवा दुर्घटना सामने आने के बाद कार्रवाई करने की प्रवृत्ति के स्थान पर सतत निगरानी और समय रहते सुधार की कार्यसंस्कृति विकसित करनी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को अवैध एवं मिलावटी शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आबकारी विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिन क्षेत्रों अथवा स्थानों पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, बिक्री या मिलावट की आशंका हो, वहां संयुक्त टीमों के माध्यम से छापेमारी की जाए। उन्होंने पुलिस और आबकारी विभाग को सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान करते हुए संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के निर्माण अथवा मिलावट में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता सामने आने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों पर तत्काल अमल शुरू किया जाए तथा जिलों में की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री विकास शील, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव श्री रजत बंसल, संयुक्त सचिव श्री प्रभात मलिक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# नगरी के वार्ड क्रमांक-1 में मादा तेंदुआ के साथ 3 शावक देखे गए

## वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की




**नगरी 11 सितंबर।** नगरी नगर के वार्ड क्रमांक-1 में इन दिनों तेंदुए की मौजूदगी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। तह्लेवार पेट्रोल पंप के आसपास पिछले दो-तीन दिनों से एक मादा तेंदुआ अपने तीन शावकों के साथ नजर आ रही है। सड़क और पेट्रोल पंप के आसपास वन्यजीव परिवार की आवाजाही देखे जाने से कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप के सामने स्थित ऑक्सी जोन और आसपास का झाड़ियों से घिरा हरित क्षेत्र तेंदुए के लिए सुरक्षित ठिकाना हो सकता है। इसी इलाके से मादा तेंदुआ अपने शावकों के साथ पेट्रोल पंप और सड़क के आसपास पहुंच रही है।

शावकों के साथ मादा तेंदुए की लगातार मौजूदगी को देखते हुए सबसे बड़ी चिंता मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका को लेकर है। रात के समय पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों और सड़क से गुजरने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

**वन विभाग की निगरानी, लोगों से सतर्क रहने की अपील:** मामले को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीम पेट्रोल पंप, ऑक्सी जोन और आसपास के क्षेत्र में निगरानी कर रही है। तेंदुआ परिवार की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि वन्यजीवों और लोगों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, शावकों के साथ मौजूद मादा तेंदुआ खतरा महसूस होने पर आक्रामक हो सकती है। ऐसे में लोगों को तेंदुए के करीब जाने, उसका पीछा करने, फोटो-वीडियो बनाने के लिए भीड़ लगाने या उसे घेरने से बचना चाहिए। वन विभाग की निगरानी के बीच स्थानीय लोगों से भी सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## आयुक्त की गठित टीम वार्डवार कर रही जर्जर मकानों का सर्वे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 सितंबर।** बारिश में जर्जर भवनो से होने वाले हादसो को देखते हुए शासन निर्देशानुसार निगम सीमाक्षेत्र स्थित जर्जर भवन व मकान का सर्वे करने निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने दायित्व सौपा है, जिसमें सभी उप अभियंता अपने अपने प्रभारित वार्ड में निगम पटवारी के सहयोग से जर्जर भवनो का सर्वे करेंगे। आदेश मिलते ही अधिकारियो ने छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 309 के तहत कार्यवाही करने अपने अपने क्षेत्र में जर्जर भवनो व मकान का सर्वे दो दिनों से कर रहे है।

आयुक्त के निर्देश पर सभी उप अभियंता अपने अपने क्षेत्रों के पुराने एवं जर्जर भवन का सर्वे कर रिपोर्ट सौप रहे है जिसके आधार पर सूची तैयार की जा रही है। सर्वे के दौरान आम लोगो की सुरक्षा के लिए खतरे वाले भवन व मकान को चिन्हांकित कर सूची तैयार की जा रही है, तैयारा सूची के अनुसार संबंधित भवन मालिको को नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। सर्वे के दौरान जर्जर भवन व मकान मालिको को ऐसे भवन को मरम्मत करने धराशाही करने या छोडने सलाह भी दी जा रही है। स्पष्ट रूप से कहा जा रहा है कि भवन की जर्जर स्थिति के बावजूद उसे नही हटाया जाता है और भविष्य में उसके कारण किसी प्रकार की दुर्घटना, जनहानि अथवा सम्पत्ति की क्षति होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की होगी। सर्वे में बाजार क्षेत्र एवं घानी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आयुक्त श्री मरकाम द्वारा शासकीय विभाग के जर्जर भवनो को मरम्मत या धाराशाही करने पत्र भी भेजा रहा रहा है, पूर्व में कुछ भवन के लिए पत्र भी जारी किया गया है। निगम के जर्जर भवनो को डिस्मेंटल करने की प्रक्रिया की जा रही है, साथ ही पुरानी काम्पलेक्स का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। निगम द्वारा आस पास के जर्जर भवनो की सूचना देने अपील भी की जा रही है, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।

## हमें चाह होती है इसलिए हम दुखी होते हैं: श्रेयांशप्रभ जी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** हमारे जीवन में दुख इसलिए होता है कि हमें चाह होती है। यदि चाह ना हो तो फिर दुख किस बात का। हमारी इच्छाएं अनंत है और हम परमात्मा की भक्ति छोड़ अपनी इच्छाओं की पूर्ति में ही लगे रहते हैं! परमात्मा के पास रहने से हमें वह मिल सकता है जो हमें इच्छाओं की पूर्ति में लगे रहने से कभी नहीं मिल सकता। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज जैन बगीचा स्थित नये हाल में संवत्सरी पर्व के चौथे दिन अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किए।

मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि व्यक्ति यदि क्रोध में रहता है तो वह किसी की नहीं सुनता। क्रोध व्यक्ति को अंधा और बहरा बना देता है। क्रोधी व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। परमात्मा के पास बैठने से शांति मिलती है। हम यदि अच्छे भाव से परमात्मा के पास जाते हैं तो हम मोक्ष भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम धर्म की बात रोज सुनते हैं किंतु उसे आचरण में नहीं ला पाते,यदि हम एक भी अंश आचरण में ला लें तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा।

मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि आप कितना भी पुरुषार्थ कर लो किंतु जो चीज आपको चाहिए,यदि उसका समय नहीं हुआ है तो आपको वह चीज नहीं मिल पाएगी । समय बलवान होता है। जो आपका कर्तव्य है,आप उसका पालन करें। यदि हम सारी ऊर्जा भी खर्च कर दे तो परमात्मा के देव स्वरूप को हम नहीं देख पाएंगे। परमात्मा का बच्चे जैसा ख्याल रखना पड़ता है तब कहीं जाकर परमात्मा को स्पर्श करने का सौभाग्य मिलता है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## वरिष्ठ पत्रकारों एवं समाजसेवियों का सम्मान



**रायपुर 11 सितंबर।** रायपुर के प्रथम वृद्धाश्रम के रूप में 10 सितंबर 1989 को प्रारंभ हुए छत्तीसगढ़ बाल एवं वृद्ध कल्याण परिषद द्वारा संचालित कुलदीप निगम वृद्धाश्रम, माना कैंप, रायपुर ने अपने 37 वर्ष आज पूर्ण कर लिए हैं। । इस अवसर पर वृद्धाश्रम परिसर में बुजुर्गों का सम्मान और हमारी संस्कृति की पहचान विषय पर परिचर्चा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

परिचर्चा की शुरुआत वक्ता राहुल सिंह परिहार ने की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान पूजा के समान माना गया है। नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने और इस परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कुलदीप निगम वृद्धाश्रम के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार निगम ने वृद्धाश्रम की स्थापना के उद्देश्य और 37 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डाला।

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार समीर दीवान ने कुलदीप निगम के सामाजिक सरोकारों को याद किया। उन्होंने कहा कि श्री निगम ने प्रदेश के दर्जनों प्रतिभाशाली एवं साहसी बच्चों को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश शर्मा ने वृद्धाश्रम परिसर की तुलना चार धाम यात्रा से की। वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुरोहित ने कुलदीप निगम के हृदय रोग और उनके उपचार से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को साझा किया।

समाजसेवी मोहन चोपड़ा ने निगम परिवार की सेवा भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि निगम परिवार का घर किसी अनाथालय से कम नहीं रहा है। कोई भी दुखी अथवा जरूरतमंद व्यक्ति उनके पास पहुंचता है तो उसकी सेवा करना परिवार की प्राथमिकता बन जाती है।इस अवसर पर वृद्धाश्रम के संचालन एवं सेवा कार्यों में सहयोग देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों और समाजसेवियों को मुख्य अतिथि पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव एवं शदाणी सेवा मंडल के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदय शदाणी ने सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले वरिष्ठ पत्रकारों में श्री अनिल पुरोहित जी, श्री गिरीश मुक्तिबोध जी, श्री प्रशांत शर्मा जी, श्री अनिल पुसदकर जी, श्री रविंद्र ठेंगड़ी जी, श्री समीर दीवान जी, श्रीमती मंजूषा शर्मा जी, श्री प्रकाश शर्मा जी, श्री बृजेश चौबे जी, श्री राम अवतार तिवारी जी, श्री जय प्रकाश मिश्र जी, श्री चंद्रकांत दौंड जी, श्री मोहन तिवारी जी और श्री सुधीर शर्मा जी शामिल थे। इसके साथ समाजसेवी श्री ओम प्रकाश जैन जी,श्री मोहन चोपड़ा जी, श्री संजय यादव जी, श्री चंद्रेश शाह जी, श्री एस. के. घर जी, श्रीमती रीता पाल जी और श्री उदय शदाणी जी को भी शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार और जानी-मानी एंकर अमृता शर्मा ने किया।

## जेसीआई वीक: दूसरे दिन युवा आवाज़-युवा नेतृत्व एवं अभिव्यक्ति दिवस का आयोजन



**रायपुर 11 सितंबर।** जेसीआई रायपुर संस्कार द्वारा जेसीआई वीक 2026 के दूसरे दिवस पर युवा आवाज़ कार्यक्रम का आयोजन अंजनैया विश्वविद्यालय, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं जेसीआई क्रीड से हुई। डायनेमिक ज़ोन प्रशिक्षक जेसी गौरव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक पहल के विषय में प्रेरणादायी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 60 सेकंड युवा आवाज़, नेतृत्व चुनौती, मेरा विचार-मेरा रायपुर विचार दीवार एवं युवा मुक्त मंच जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने सामाजिक समस्याओं, रायपुर के विकास तथा युवाओं की भूमिका से जुड़े अपने विचार एवं समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन युवा आवाज़ सम्मान एवं युवा नेतृत्व संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. जय कुमार देवांगन - अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधन, डॉ. चिंतामणि पांडा - विभागाध्यक्ष, वाणिज्य, डॉ. इला दीक्षित - विभागाध्यक्ष, प्रबंधन, डॉ. भावना प्रजापति - सह प्राध्यापक, प्रबंधन, जेसी गौरव अग्रवाल - डायनेमिक ज़ोन प्रशिक्षक एवं जेसी सूरज हेडाओ - कार्यक्रम निदेशक, जेसीआई वीक 2026 की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआई रायपुर संस्कार की अध्यक्ष जेसी बरखा अंडानी, अध्याय समन्वयक जेएफएम जेसीआई सीनेटर निलेश शाह, अध्याय प्रभारी जेसी एचजीएफ सीए सागर जैन, आईपीपी जेसी आदित्य तिकारीहा एवं सचिव जेसी जेएफएम अंकित दास मानिकपुरी सहित सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ढाबाडीह में अवैध शराब बिक्री करते कोचिया गिरफ्तार, 35 पाव शराब जब्त

**बलौदाबाजार 11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 10.09.2026 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम ढाबाडीह मेनरोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल ?3500 कीमत मूल्य का 35 पाल देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध क्र. 769/2026 पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# महापौर ने किया गणेश प्रतिमा विक्रय बाजार का उद्घाटन

- महापौर मधुसूदन यादव ने फीता काटकर किया गणेश प्रतिमा विक्रय बाजार का उद्घाटन
- छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ के लिए गुरुद्वारा चौक फ्लाईओवर के नीचे मूर्ति विक्रय की व्यवस्था की गई है

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 सितंबर।** गणेश उत्सव पर्व के दृष्टिगत छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ, राजनांदगांव को गुरुद्वारा चौक फ्लाई ओवर के नीचे गणेश प्रतिमा विक्रय हेतु नगर निगम राजनांदगाव द्वारा स्थल चिन्हांकित कर अस्थायी रूप से प्रतिमा विक्रय हेतु दुकानें आबंटित की गई है। नगर में गणेश प्रतिमा विक्रय का श्रीगणेश करते हुए इस त्यौहारी एवं अस्थायी बाजार का राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। महापौर ने इस अवसर पर गणेश भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं धूपदीप जलाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ जिला इकाई राजनांदगॉव के पदाधिकारी, मूर्तिकार एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें देवा रंगारी, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, मनोहर प्रजापति प्रदेश सहसचिव, मनोज निर्मलकर राजनांदगॉव जिलाध्यक्ष, दिलीप मेश्राम मीडिया प्रभारी, हेमंत प्रजापति कार्यकारिणी अध्यक्ष, रूपा प्रजापति कार्यकारिणी अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ), शेखर सिंह विश्वकर्मा प्रदेश प्रवक्ता, राजू प्रजापति जिला सचिव, डी0के0यादव प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति, रामु प्रजापति शहर अध्यक्ष, धानी प्रजापति संरक्षक महिला प्रकोष्ठ, सदस्यगण प्रमोद प्रजापति, गौरव राजपूत, श्रवण प्रजापति, भरत खरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

संघ द्वारा बताया महापौर को बताया गया कि यहॉं 2019 से प्रतिवर्ष संघ के सदस्यों द्वारा अस्थायी रूप से गणेशपर्व के पूर्व बाजार लगाया जाता है, जिसमें वर्तमान वर्ष में 60 दुकानें लगायी जायेंगी। यहॉं उत्सव अवधि में स्थानीय मूर्तिकारों द्वारा निर्मित विभिन्न आकार व डिजाइन की मिट्टी की गणेश प्रतिमाएँ विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगी। संघ ने अपनी समस्याओं से महापौर को अवगत कराया कि अगले वर्ष 70 से 80 दुकाने लगाया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये उन्हें पार्किंग स्थल एवं झांकी स्थल को हटाकर बड़ी जगह दी जाये, जिससे निगम के राजस्व प्राप्ति में भी वृद्धि होगी। संघ ने महापौर से दुकान आबंटन हेतु निर्धारित शुल्क में वृद्धि नहीं करने एवं विद्युत विभाग से यथाशीघ्र अस्थायी कनेक्शन दिलवाने के लिये भी निवेदन किया। महापौर ने संघ के मांग पर शुल्क में वृद्धि नहीं करने पर सहमति व्यक्त की एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर अस्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया।

महापौर मधुसूदन ने बताया कि गणेश प्रतिमा विक्रय की इस तरह की व्यवस्था पूरे छत्तीसगढ़ में अपने आप में आदर्श एक है, जिसे अन्य जिलों में स्थानीय प्रशासन द्वारा लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर की सांस्कृतिक परंपरा को संजोने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को स्वरोजगार का अवसर प्रदान करना, उन्हें प्रोत्साहित करना एवं नागरिकों को सुगम तरीके से एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की गणेश प्रतिमा विक्रय हेतु उपलब्ध कराना इस तरह की व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य है। इसके द्वारा नगर निगम को राजस्व लाभ प्राप्त होने के साथ-साथ, शहर में इस तरह के बाजार लगने से गणेश पर्व के दौरान यातायात बाधित होने की संभावना भी समाप्त हो जाती है। महापौर ने मूर्तिकारों से पी.ओ.पी. की मूर्ति नहीं बनाने एवं श्री गणेश भगवान की मूर्ति को सनातन संस्कृति एवं सभ्यता की गरिमा के अनुरूप ही निर्माण करने की अपील की। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे जिन्होंने नगर निगम की इस व्यवस्था की सराहना की है।

### 14 सितम्बर को पशुवध गृह व मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 11 सितंबर।** राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितम्बर 2026 दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# पीएम मोदी का नया प्रयोग,रॉक स्टार अवतार

सबसे अच्छा लीडर वह होता है जो लोगों से जुड़ने व लोगों को अपने से जोड़ने के लिए नए आइडियों की तलाश में रहता है,ठीक मौके पर उस आइडिए पर अमल करता है। इससे वह नए लोगों को अपने से जोड़ता भी है और नए लोगों से जुड़ता भी है,साथ ही वह अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के साथ है यह भी जांच करता रहता है कि कही उसकी जो साख है लोगों के बीच वह कम तो नहीं हुई है।पीएम मोदी देश के ऐसे ही सबसे अच्छे लीडर है,वह नए प्रयोग करने में सबसे आगे रहते हैं,वह रिस्क उठाने में सबसे आगे रहते हैं।वह रिस्क उठाते हैं, इसलिए वह सबसे ज्यादा सफल भी होते हैं।उन्होंने राजनीति में लोगों से जुड़ने के लिए कई तरह के प्रयोग किए है,राजनीति में सबसे पहले सोशल मीडिया का प्रयोग उन्होंने ही किया। चुनाव में चाय पर चर्चा का आयोजन कर नया प्रयोग किया।मन की बात से वह देश के लोगों से हर सप्ताह जुड़ते हैं,परीक्षा पर चर्चा के जरिए वह छात्रों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा युवा इनफ्लूएंसर्स,स्टार्ट अप चलाने वाले युवाओं से हर साल बात करते हैं।जेनजी से जुड़ने की बात आई तो वह खुद इंस्टाग्राम में जाकर जेन जी से जुड़ने के लिए पहल की।वहां भी अपने समर्थकों की खूब संख्या बढ़ाई। इसके अलावा वह सरकारी व निजी विवि के खास कार्यक्रमों में जाकर भी युवाओं से मिलते रहते हैं।युवाओं को विकसित भारत का अपना लक्ष्य बताते हैं और उससे देश के युवाओं को जोड़ते हैं और बताते हैं कि विकसित भारत के लक्ष्य को देश युवाओं के सहयोग से ही पा सकता है। वह विकसित भारत को देश का लक्ष्य बताते हैं, उसे पाने के लिए हमेशा युवाओं को प्रेरित करते रहते हैं।वह खुद बड़ा काम करते हैं,कुछ नया करने की सोचते हैं और देश के युवाओं को भी हमेशा बड़ा करने के लिए प्रेरित करते हैं, कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते हैं।वह कुछ नया करने से नहीं डरते हैं,वह नहीं सोचते हैं कि नया करने पर असफल होने पर उनका मजाक उड़ाया जाएगा।यही वजह है कि वह ७० साल के ज्यादा होने के बाद युवाओं की तरह कुछ नया करते हुए उत्साह से भरे रहते हैं।देश की राजनीति में उनका राकस्टार का नया अवतार इसी तरह का प्रयास है। वह देश के उम्रदराज नेता है और देश के युवाओं से जुड़ने के नया प्रयास किया और उनके नये प्रयास को युवाओं ने खूब पसंद किया है। ज़्यादा जानें पीएम मोदी का वड़ोदरा मे आयोजित कार्यक्रम था तो सरकारी कार्यक्रम लेकिन इस बार पीए मोदी ने उसे नया स्वरूप दिया। जैसे किसी राकस्टार के कार्यक्रम में स्टेज होता है, जैसा माहौल होता था, वैसा स्टेज बनाया गया, वैसे ही गाने बजाए गए,पीए मोदी स्टेंज मे युवाओं को पसंद आने वाले बजते हुए गानों के बीच स्टेज पर आये तो वह राजनीति के नए राक स्टार की तरह आए और उनके इस राकस्टार वाले अंदाज को युवाओं ने खूब पसंद किया।होने को देश में एक से एक खुद को युवा समझने वाले नेता हैं लेकिन किसी को यह आइडिया नहीं सूझा की युवाओं से ऐसे भी जुड़ा जा सकता है और ऐसे भी जोड़ा जा सकता है।कार्यक्रम का आयोजन तो ३५ हजार करोड़ परियोजना का लोकार्पण व शिलान्यास का था लेकिन इस कार्यक्रम को पीएम मोदी एक बोरिंग सरकारी कार्यक्रम की जगह युवाओं के लिए रोचक कार्यक्रम बना दिया। ऐसा आज तक किसी पीएम के कार्यक्रम में नहीं किया गया था।सब परंपरागत तरीकों पर ही अमल करते रहे हैं। यानी परंपरा बना दी गई थी कि पीएम का कार्यक्रम है तो वह एक पुराने ढर्रे पर ही होगा। पीएम मोदी पहले ऐसे नेता है जो देश के लोगों के बीच अपनी साख की जांच करते रहते हैं और जांच करने का उनका अपना तरीका है। वह देश के पहले ऐसे नेता हैं जिनका देश की जनता पर पूरा भरोसा है और देश की जनता भी उन पर बहुत भरोसा करती है। सबसे पहले पीएम मोदी ने अपनी साख की परीक्षा कोरोना के वक्त की। यह बड़ा रिस्की काम था लेकिन पीएम मोदी ने किया। कोराना संकट के समय सेना या पुलिस का कर्फ्यू लगाने की जगह उन्होंने जनता से कर्फ्यू लगाने का आव्हान किया और देश की जनता ने ऐसा किया। यह नेता व जनता के बीच परस्पर भरोसे का कमाल था।इसके बाद पीएम मोदी ने एक बार दिया जलाने को कहा, एक बार घंटी, शंख,थाली बजाने का कहा तो देश के लोगों ने ऐसा किया। इससे पीएम मोदी को पता चला कि देश की जनता उन पर उतना भरोसा करती है जितना भरोसा वह जनता पर करते हैं। इसी साख को जांचने का काम उन्होंने एक बार फिर से वडोदरा में किया और उनको पता चला है कि युवाओं के बीच उनकी साख बनी हुई है। पीएम मोदी का अपनी लोकप्रियता को बढ़ाने व साख जो जांचते रहने का अपना तरीका है। वह यह काम हर चुनाव में भी करते हैं और वह उसमें सफल रहते हैं बिहार चुनाव में उनके गमछा लहराने का व्यापक असर हुआ था तो बंगाल चुनाव में एक दुकान में रुककर झालमुड़ी खाने का असर भी व्यापक देखा गया था। पीएम मोदी हमारे देश की राजनीति के मेगा स्टार हैं वह जो कुछ भी करते हैं वह लोगों को खूब पसंद आता है। इस बार वडोदरा में उन्होंने कार्यक्रम में छह हजार लोगों को बुलाने का फैसला किया। इससे लिए एक एप में लोगों को बुकिंग करानी थी तो बुक माई शो की बुकिंग शुरू हुई तो एक घंटे में ही सभी ६ हजार सीटें बुक हो गई और ४२ हजार लोग वेटिंग में थे यानी इतने लोग कार्यक्रम में जाना चाहते थे।यानी ४८ हजार लोग पीएम मोदी के कार्यक्रम में आना चाहते थे। कहां राहुल गांधी के कार्यक्रम में दस हजार लोगों की भीड़ जुटानी पड़ती है, वहीं पीएम मोदी के कार्यक्रम में ४२हजार लोग खुद आना चाहते हैं.इसी से पता चलता है कि पीएम मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता है और राहुल गांधी उनके बहुत पीछे हैं।

## राजनीति

**मेष** -आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है और आपको किसी नौकरी का प्रस्ताव भी मिल सकता है। प्रेम और संतान से जुड़ी खुशियां आपका मन प्रसन्न रखेंगी। व्यापार के लिहाज से भी दिन अच्छा रहेगा। निवेश में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**वृषभ**-वृषभ राशि वालों को धन लाभ मिलता दिख रहा है। व्यापार और कामकाज के लिहाज से दिन काफी सकारात्मक रहेगा। इसके अलावा छात्रों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। दिन की शुरुआत किसी शुभ समाचार से भी हो सकती है।

**मिथुन** - आज मन में अनावश्यक चिंताएं जगह बना सकती हैं। पुरानी बातों का भार दिल पर रहेगा। इसलिए बेवजह की बातों को लेकर परेशान होने से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा। पुराने स्रोतों से भी धन आता रहेगा।

कर्क -दिन सामान्य आपके लिए रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा और आप खुद को पहले से अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। यात्रा के योग बन रहे हैं। प्रेम और संतान का साथ मिलने से मन को सुकून और खुशी मिलेगी।

**सिंह**-यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। आपसे मिलने कोई आ सकता है। प्रेम और संतान से भी सुखद सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में भी यह समय थोड़ा संभलकर चलने का है।

**कन्या**-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रह सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए काम में तेजी आने के संकेत हैं। इस समय लंबे समय से चली आ रही गलतफहमियां दूर होने से मन को राहत मिलेगी। खास बात यह है कि, महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**तुला**-तुला राशि वालों के लिए दिन शुभ रहेगा। आज आपकी मेहनत और साहस दोनों रंग लाएंगे। नौकरी और जीवनसाथी से जुड़े मामले राहत देने वाले रहेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय अच्छी तरह विचार करें। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**-आज आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। किसी यात्रा पर जाने की योजनाएं सफल होती दिखेगी। लेकिन सहकर्मियों से बहस करने से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा। निवेश अभी न करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु** -आज भावनाओं के प्रभाव में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। प्रेम और संतान से भरपूर सुख मिलेगा। व्यापार में भी शानदार परिणाम मिलने के योग हैं। महत्वपूर्ण कामों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मकर** -मकर राशि वालों के लिए खास रहेगा दिन। धैर्य और समझदारी से काम करेंगे तो बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। गलतफहमियों से बचने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पेशेवर जीवन से जुड़े मामलों को अधिक मजबूती से संभालने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ**-कुंभ राशि वालों को खुशखबरी मिलेगी। वाहन से जुड़े मामलों में लाभ मिल सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा और व्यापार से जुड़े मामलों में भी दिन आपका साथ देगा। इस धन लाभ होने के योग है।

**मीन**-मीन राशि वालों को कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का अच्छा परिणाम मिल सकता है। घर-परिवार में छोटी बातों को लेकर गुस्सा करने से बचना जरूरी होगा। काम को लेकर आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## विश्व राजनीति

# ब्रिक्स शक्ति-संघर्ष का अखाड़ा नहीं, सहयोग का सेतु बने

**ललित गर्ग**

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को होने वाला 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब विश्व व्यवस्था गहरे संक्रमण से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का तनाव,



आतंकवाद, व्यापारिक टकराव, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा की चिंता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तेज होती चुनौती और वैश्विक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर उठते प्रश्नों ने दुनिया के सामने अनेक अनुत्तरित सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके साथ ही अमेरिका की व्यापार एवं रणनीतिक नीतियों से पैदा हो रहा दबाव भी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। ऐसे वातावरण में भारत की अध्यक्षता में होने वाला यह सम्मेलन केवल एक कूटनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत ने अपनी अध्यक्षता का मूल मंत्र रखा है-लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के आधार पर भविष्य का निर्माण। ब्रिक्स अब 2006 में आरंभ हुई उस मूल अवधारणा से बहुत आगे निकल चुका है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत और चीन प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में सामने आए थे और बाद में दक्षिण अफ्रीका भी इसमें शामिल हुआ। विस्तार के बाद यह 11 सदस्यीय समूह बन चुका है और इसका प्रभाव वैश्विक दक्षिण की राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ा है। वर्ष 2026 ब्रिक्स की स्थापना के दो दशक पूरे होने का वर्ष भी है। भारत के लिए यह अध्यक्षता इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वह ब्रिक्स को किसी पश्चिम-विरोधी या अमेरिका-विरोधी मंच के रूप में नहीं, बल्कि विकासशील एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं की रचनात्मक, संतुलित और बहुपक्षीय आवाज के रूप में स्थापित करना चाहता है।

ब्राजील में 2025 के ब्रिक्स सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने, बहुपक्षीय व्यवस्था में सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार वैश्विक शासन, जलवायु वित्त, स्वास्थ्य, व्यापार और वित्तीय सहयोग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण सहमति बनी थी। रियो घोषणा में संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया था। साथ ही स्थानीय मुद्राओं में वित्तीय लेन-देन, सीमा-पार भुगतान व्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ने की बात कही गई थी। भारत को 2026 की अध्यक्षता सौंपते हुए ब्राजील ने नई दिल्ली से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की थी। इस दृष्टि से दिल्ली सम्मेलन की पहली बड़ी कसौटी यही होगी कि ब्रिक्स घोषणाओं और वास्तविक उपलब्धियों के बीच की दूरी कितनी कम कर पाता है। भारत ने अध्यक्षता के दौरान 25 से अधिक शहरों में 350 से अधिक बैठकें और उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए हैं। राजनीतिक एवं सुरक्षा सहयोग, आर्थिक एवं वित्तीय सहयोग तथा सांस्कृतिक एवं जन-जन संपर्क-इन तीनों क्षेत्रों में व्यावहारिक परिणामों पर जोर दिया गया है। इसलिए अब दुनिया की नजर इस बात पर होगी कि सम्मेलन के अंत में केवल लंबा संयुक्त घोषणापत्र सामने आता है या कुछ ऐसे ठोस फैसले भी होते हैं जिनका असर आने वाले वर्षों में दिखाई दे।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों में से एक है। एआई ने चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्योग, वित्त और शासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व संभावनाएं खोली हैं, लेकिन इसके साथ रोजगार, डेटा सुरक्षा, गलत सूचना, साइबर सुरक्षा और तकनीकी असमानता




के खतरे भी बढ़े हैं। ब्राजील सम्मेलन में भी एआई के वैश्विक शासन को लेकर व्यापक चिंता व्यक्त की गई थी। भारत अब ब्रिक्स देशों के बीच एआई, उन्नत कंप्यूटिंग, क्वांटम तकनीक और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में जोर दे रहा है। यदि ब्रिक्स तकनीक को कुछ शक्तिशाली देशों और कंपनियों के नियंत्रण से बाहर निकालकर विकासशील देशों की पहुंच तक ले जाने की प्रभावी व्यवस्था बना सके, तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। दूसरी बड़ी चुनौती आर्थिक है। विश्व अर्थव्यवस्था में ब्रिक्स का वजन बढ़ रहा है, लेकिन समूह के भीतर आपसी व्यापार अभी भी उसकी संभावित क्षमता के अनुरूप नहीं है। भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक मजबूत और विविध बनाने, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को वित्त उपलब्ध कराने तथा स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। जयपुर में हुई ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों की बैठक में ब्रिक्स इकनोमिक पार्टनरशिप 2030, एमएसएमई के लिए वित्तीय सुविधा और अधिक संतुलित व्यापार जैसे मुद्दों पर प्रगति हुई है।

यहां 'डी-डॉलराइजेशन' का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत का दृष्टिकोण अत्यंत व्यावहारिक है। भारत किसी नई साझा ब्रिक्स मुद्रा के निर्माण की जल्दबाजी में नहीं है। इसके बजाय सीमा-पार डिजिटल भुगतान की ऐसी व्यवस्था विकसित करने पर जोर है, जिससे सदस्य देश अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में अपेक्षाकृत सुगम व्यापार कर सकें। यह दृष्टिकोण अमेरिकी डॉलर के खिलाफ किसी राजनीतिक मोर्चेबंदी से अधिक वित्तीय स्वायत्तता और लेन-देन की सुविधा का प्रयास है। परंतु ब्रिक्स की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी आंतरिक विविधता और मतभेद हैं। भारत और चीन के बीच सीमा एवं रणनीतिक अविश्वास की विरासत अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। रूस और पश्चिम के बीच संघर्ष, ईरान से जुड़े तनाव तथा पश्चिम एशिया की जटिल परिस्थितियां भी ब्रिक्स के लिए साझा राजनीतिक रुख बनाना कठिन बनाती हैं। विशेष रूप से पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट में ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के अलग-अलग हित हैं। ऐसे में ब्रिक्स यदि हर अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर एकमत नहीं हो पाता तो यह उसकी सीमाओं को उजागर करेगा।

यही कारण है कि भारत के सामने इस सम्मेलन में सबसे कठिन कूटनीतिक संतुलन है। उसे चीन और रूस के साथ सहयोग भी बढ़ाना है, लेकिन अमेरिका और यूरोप सहित पश्चिमी देशों से अपने आर्थिक एवं रणनीतिक संबंध भी बनाए रखने हैं। भारत का हित किसी एक शक्ति-ध्रुव के साथ खड़े होने में नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय विश्व में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता मजबूत करने में है। ब्रिक्स को यदि केवल 'पश्चिम के विकल्प' के रूप में प्रस्तुत किया गया तो उसकी स्वीकार्यता सीमित हो सकती है, लेकिन यदि वह वैश्विक दक्षिण के विकास, शांति, तकनीकी समानता और न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व का मंच बनता है, तो उसका महत्व कहीं अधिक बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं। उनका तर्क है कि बीसवीं सदी में बनाई गई संस्थाओं को इक्कीसवीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप बदलना होगा। आज विश्व अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान बढ़ा है, यदि उन्हें निर्णय प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता तो संस्थाओं की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता दोनों प्रभावित होती हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार की मांग इसी व्यापक संदर्भ का हिस्सा है। ब्रिक्स इस मांग को संगठित आवाज देने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

लेकिन सम्मेलन की सफलता का वास्तविक पैमाना अमेरिका की आलोचना या पश्चिमी व्यवस्था को चुनौती देना नहीं होगा। सफलता तब मानी जाएगी जब ब्रिक्स दुनिया को बेहतर विकल्प दे-ऐसा विकल्प जिसमें आर्थिक सहयोग हो, तकनीकी साझेदारी हो, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा हो, आतंकवाद के विरुद्ध साझा प्रतिबद्धता हो, आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा हो, पर्यावरणीय संतुलन हो और विकासशील देशों की वास्तविक भागीदारी हो। भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना तभी सार्थक होगी, जब ब्रिक्स शक्ति-संघर्ष का नया अखाड़ा बनने के बजाय सहयोग का नया सेतु बने। अंततः दिल्ली सम्मेलन भारत की कूटनीतिक क्षमता की भी परीक्षा है और ब्रिक्स की प्रासंगिकता की भी। दुनिया आज युद्ध से अधिक शांति, प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग और प्रभुत्व से अधिक साझेदारी चाहती है। मानवता का भविष्य केवल हथियारों, अंतरिक्ष अभियानों या कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शक्ति में नहीं, बल्कि पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों के बीच विश्वास, सह-अस्तित्व और साझा विकास में सुरक्षित है। यदि नई दिल्ली सम्मेलन घोषणाओं से आगे बढ़कर इस विश्वास को संस्थागत रूप देने की दिशा में कुछ ठोस कदम उठा सका, तो यह भारत की अध्यक्षता की बड़ी उपलब्धि होगी। अन्यथा ब्रिक्स भी अनेक वैश्विक मंचों की तरह उम्मीदें जगाने वाला, लेकिन अपेक्षाओं पर अधूरा उतरने वाला संगठन बनकर रह जाएगा।

# भारत के खिलाफ पाक का हनीट्रेप वाला नापाक खेल

**मनोज कुमार अग्रवाल**

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है पाक की खुफिया एजेंसियां सोशल मीडिया के जरिए भारतीय सुरक्षा बलों और रक्षा संस्थानों के अधिकारियों को 'हनी ट्रैप' में फंसाकर संवेदनशील जानकारियां जुटा रही हैं। सीमा पार से जारी छद्म युद्ध अब केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह डिजिटल स्पेस और मानव मन के सूक्ष्म पहलुओं तक फैल चुका है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए अब एक नए और अत्यंत खतरनाक हथियार प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों द्वारा संचालित 'डिजिटल हनी-ट्रैप' का इस्तेमाल कर रही है। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियां लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रही हैं। समय के साथ उसके तौर-तरीके भी बदल रहे हैं। पहले जासूसी के लिए धन, लालच, दबाव और धमकी जैसे हथकंडों का इस्तेमाल अधिक होता था लेकिन आईएसआई अब संवेदनशील पदों पर बैठे अधिकारियों की पहचान कर उनकी मानसिक और भावनात्मक कमजोरियों का अध्ययन करने के लिए प्रशिक्षित लोगों की सहायता ले रही है। महिलाओं के नाम से फर्जी सोशल मीडिया खाते बनाकर पहले संपर्क स्थापित किया जाता है और धीरे-धीरे भरोसे का रिश्ता तैयार किया जाता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस नए जाल में सीधे पैसे का लालच देना जरूरी नहीं रह गया है।

हाल ही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर को पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव द्वारा रचे गए ऐसे ही एक डिजिटल हनी ट्रैप जाल में गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। हनी ट्रैप और जासूसी का नया तरीकाफर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइलः दुश्मन देश के हैंडलर्स महिलाओं या आकर्षक नामों से फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बनाकर अधिकारियों से दोस्ती करते हैं। बातचीत, चैट और वीडियो कॉल के जरिए पहले विश्वास जीता जाता है, फिर निजी पलों या तस्वीरों के बहाने ब्लैकमेल या प्रलोभन का खेल शुरू होता है।जासूसी के मामलों में कई बार अधिकारियों के फोन में रिमोट एक्सेस मैलवेयर या स्पाईवेयर तक इंस्टॉल करवाने की कोशिश की जाती है ताकि गुप्त डेटा स्वतः ट्रांसफर होता रहे। ऐसे मामलों में पकड़े जाने पर आरोपियों के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत गंभीर मुकदमे दर्ज किए जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर को कथित पाकिस्तानी हनी ट्रैप मामले में गिरफ्तार किया है।



वायुसेना से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद अधिकारी के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

भारतीय सेना, रक्षा अनुसंधान संगठन और संवेदनशील सरकारी विभागों की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए पाकिस्तान की गुप्तचर एजेंसी आई. एस. आई. द्वारा 'हनी ट्रैप' के हथकंडे का लगातार इस्तेमाल किया जा रहा है।

इसके लिए पाकिस्तानी महिला एजेंट भारतीय सेना के चंद अधिकारियों तथा आम लोगों को बोगस नामों से वीडियो काल करके अश्लील हरकतों द्वारा उन्हें भी ऐसा ही करने के लिए उकसाती हैं और सोशल मीडिया के जरिए उनके 'रूप जाल' में फंस कर ये लोग भारतीय सेना की महत्वपूर्ण जानकारियां उन्हें देकर देश से गद्दारी कर रहे हैं जिनकी इसी वर्ष कई मामले सामने आए हैं 4 जनवरी को 'अम्बाला' (हरियाणा) में 'हनी ट्रैप' का शिकार होकर भारतीय सेना की यूनिटों की लोकेशन, मूवमैंट और तैनाती से जुड़ी गुप्त जानकारी पाकिस्तान भेजने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके मोबाइल से व्हाट्सएप चैट व वायस काल से जुड़े महत्वपूर्ण प्रमाण मिले।11 मार्च को 'लखनऊ' (उत्तर प्रदेश) में स्वयं को 'कीर्ति कुमारी' बताने वाली एक पाकिस्तानी महिला एजेंट द्वारा 'हनी ट्रैप' में फंसाए गए भारतीय वायुसेना के लांस नायक 'आदर्श कुमार' उर्फ 'लक्की' को युद्धपोत 'आई. एन. एस. विक्रांत' तथा ' आई. एन. एस. इक्षक' की फोटो व अन्य जानकारी भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

इससे पूर्व इसी पाकिस्तानी एजेंट ने गोवा में नौसेना के शिपयार्ड पर पार्ट टाइम नौकरी करने वाले 'राम सिंह' को अपने रूप जाल में फंसाकर उससे शिपयार्ड पर आने वाले युद्धपोतों के फोटो व अन्य जानकारियां प्राप्त की थीं।

22 मार्च को 'चाबुआ' (असम) में 'हनी ट्रैप' में फंसे भारतीय वायुसेना स्टेशन के 'मल्टी-टास्कर्स स्टाफ' के सदस्य 'सुमित कुमार' को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने और संवेदनशील रक्षा जानकारी सांझा करने के आरोप में राजस्थान इंटेलीजेंस और वायुसेना इंटेलीजैंस ने मिलकर गिरफ्तार किया।पाकिस्तानी हैंडलर्स ने 'सुमित कुमार' को 'हनी ट्रैप' में फंसा कर और पैसों का लालच देकर 'सुखोई फाइटर जैट्स', 'मिसाइल सिस्टम' और सैन्य ठिकानों की संवेदनशील लोकेशनों की जानकारी पाने के लिए इस्तेमाल किया था।

1 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस तथा सेना के एक संयुक्त अभियान के दौरान जम्मू जिले के 'सतवारी' इलाके से एक युवक को पाकिस्तान की एक महिला एजेंट को प्रतिरक्षा संस्थानों के फोटो सांझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार उसे एक महिला ने स्वयं को 'सुंदरबनी' में तैनात बी.एस.एफ. की कर्मचारी बता कर अपने जाल में फंसाया। जांच में पुष्टि हुई कि उक्त युवक ने चंद रुपयों के बदले में उसे फोटो भेजे थे।और अब 8 अगस्त को दिल्ली पुलिस ने संवेदनशील रक्षा जानकारी पाकिस्तान के साथ सांझा करने के आरोप में भारतीय वायुसेना के एक विंग कमांडर को 'आफिशियल सीक्रेट एक्ट' के तहत गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान सिर्फ भारतीय वायुसेना के सदस्यों को ही 'हनी ट्रैप' में फंसाने की कोशिश नहीं करता बल्कि वह नौसेना तथा प्रतिरक्षा से जुड़े अन्य विभागों के कर्मचारियों व आम लोगों को भी टार्गेट करता है।

पाकिस्तान के शासकों को पता है कि भारत की सबसे बड़ी सैन्य ताकत वायुसेना है। 1999 में कारगिल युद्ध से लेकर 2019 में की गई 'बालाकोट स्ट्राइक' और 'आप्रेशन सिंदूर' तक भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान को तगड़ी चोट दी थी। इसीलिए भारतीय वायुसेना की तैयारी और तैनाती की जानकारी जुटाने के लिए पाकिस्तान भारतीय वायुसेना से जुड़े लोगों को खास तौर पर निशाना बना रहा है।

निश्चय ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ऑनलाइन 'हनी ट्रैप' बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है अतः इसके लिए भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों में निगरानी बढ़ाने तथा पकड़े जाने वाले दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें जल्द से जल्द कठोरतम दंड देने की आवश्यकता है ताकि उससे दूसरों को भी सबक मिले।हनीट्रेप से बचना चाहिए इसके लिए सावधानी जरूरी है लगातार सभी सैन्य यूनिटों को आगाह किया जाता है कि वह किसी भी आकर्षण से बचें और देश की सुरक्षा के लिए खतरा न बने इसके लिए अपरिचित फ्रेंड रिक्वेस्ट से बचेंः सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। अपनी तैनाती, ड्यूटी रोस्टर, ऑफ़िस के काम या यात्रा योजनाओं की चर्चा ऑनलाइन बिल्कुल न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या प्रलोभन भरे संदेश की सूचना तुरंत अपने विभाग या संबंधित सुरक्षा एजेंसी को दें।

## सू- दोकू क्र.156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -156

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्माननीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## एक नजर

### पुलिस साइबर जागरूकता अभियान चला रही



**दल्लीराजहरा,11 सितंबर (तछसं.)।** बालोद जिले में साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ दल्लीराजहरा में किया गया। अभियान को बालोद जिला पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, बैंक ऑफ़ बड़ौदा से दिवाकर पी सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, बानाम्बर बेहेरा, सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख, धमतरी क्षेत्र एवं अमित सिंह पटेल, उप क्षेत्रीय प्रमुख, धमतरी क्षेत्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी धोखाधड़ी से सतर्क रहने के उपाय बताए जाएंगे। पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा लोगों को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी जाएगी।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाना है। इस अवसर पर सभी ग्राहक एवं बैंक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### भानुप्रतापपुर में शराब की खाली बोतलें व होलोग्राम बरामद

**कांकेर 11 सितम्बर।** भानुप्रतापपुर के बसंत नगर, नारायणपुर स्थित एक किराए के मकान में जिला पुलिस बल द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में बड़ी मात्रा में शराब से संबंधित सामग्री बरामद की गई। मौके पर विभिन्न ब्रांड के 185 लेबल, 4409 नग शराब की खाली बोतलें, लगभग 6000 नग ढक्कन तथा होलोग्राम के 16 नग पत्ता के प्रत्येक में 72 नग इस प्रकार कुल 1152 नग बरामद किए गए। प्रकरण संज्ञान में आते ही कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार द्वारा आयुक्त आबकारी छत्तीसगढ़ रायपुर को मामले की जानकारी देते हुए किसी अन्य जिला के आबकारी अधिकारी से प्रकरण के संबंध में जांच कराने का अनुरोध किया गया था। जिसके आधार पर आयुक्त आबकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा मोहला-मानपुर के आबकारी अधिकारी से जांच कराई गई। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन ने जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कांकेर के प्रभारी अधिकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मधुकर श्याम हरित को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय कांकेर के प्रभारी अधिकारी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मधुकर श्याम हरित को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में प्रथम दृष्टया गंभीर लापरवाही, कर्तव्य के प्रति उदासीनता तथा अपने प्रभार क्षेत्र में प्रभावी पर्यवेक्षण एवं सतत निगरानी नहीं रखे जाने के कारण निलंबित किया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मधुकर श्याम हरित का निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, मुख्यालय, नवा रायपुर अटल नगर में निर्धारित किया गया है। इन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक करें सुनिश्चित : कलेक्टर

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ सभी निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने और मैदानी स्तर पर संचालित गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं संस्थागत प्रसव की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय रहते पहचान करने, उनकी नियमित निगरानी एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैदानी स्वास्थ्य अमला ऐसी महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी करे, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच तथा जांच के दौरान चिन्हांकित बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### ग्राम सिवनी में 2009 से पदभार ग्रहण करने के बाद

# 12 वर्षो से शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दे रहे व्याख्याता डी के साहू सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 11 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में पदस्थ हिन्दी विषय के व्याख्याता डी के साहू को लगातार 12 वर्षों से अपने विषय में शतप्रतिशत परिणाम देने हेतु शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया विदित हो कि ग्राम सिवनी में सत्र 2007 में हाईस्कूल के उन्नयन के पश्चात 29 मई 2009 को एक नए व्याख्याता (हिन्दी ) दिलीप कुमार साहू ने हाई स्कूल सिवनी में पदभार ग्रहण किया।उस समय स्कूल के प्राचार्य ने उन्हे हिन्दी व संस्कृत विषय पढ़ाने का दायित्व दिया जिसे डी के साहू बहुत रुचि और रोचक तरीके से अध्यापन कराते थे वे अपने विद्यार्थियों को खुद से करके सीखने और समझने के लिए प्रेरित करते थे। पढ़ाई के साथ वे बच्चों को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी आगे रखते थे विद्यार्थियों को नियमित खेल का अभ्यास करवाते प्रतिदिन सभी बच्चे खो-खो और कब्बडी का अभ्यास करते थे प्रत्येक शनिवार बच्चों को व्यायाम भी उनके द्वारा करवाया जाता था।प्राचार्य ने उन्हे जो भी कार्य दिया उसे बड़े ही ईमानदारी और लगन के साथ ही वे परीक्षा और बोर्ड का काम देखते थे उन्होंने अपने नौकरी अवधि में तीन अलग अलग प्रचार्यो के साथ कार्य किया साथ ही एक वर्ष स्वयं प्रभारी प्राचार्य के रूप में भी कार्य किये वर्ष 2013-14 में जब हाई स्कूल सिवनी का उन्नयन हायर सेकेण्डरी के रूप में हुई तब उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई वे हिन्दी के साथ साथ भूगोल विषय का भी अध्यापन करने लगे छात्र छात्राओं को दोनो विषय बहुत मन से पढ़ाते थे जिसका परिणाम यह हुआ कि पहले वर्ष 2015 में सर ने बारहवी हिन्दी और भूगोल में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया । सन 2015 से लेकर 2026 तक सर ने लगातार 12 वर्षों तक 100% परिणाम दिये ये उनकी बड़ी उपलब्धि थी । इस उपलब्धि के लिए उनको शिक्षक दिवस पर शा उ मा वि सिवनी के प्राचार्य श्रीमती ज्योत्स्ना दास द्वारा 501 ? नगद राशि , स्मृति चिह्न व लेखनी भेट कर सम्मानित किया गया ।ग्रामीण जनों ने बताया कि दिलीप कुमार साहू सरल व सहज व्यक्ति है उनका व्यवहार सभी को प्रभवित करता है । सभी के साथ उनका आत्मीय जुड़ाव रहा है । उनके इस सम्मान पर संस्था के चंद्रकिरण साहू , नरेन्द्र कुमार टंडन , देवेन्द्र सिन्हा , सरिता कंवर , एकता राजानी , स्वाती शर्मा , नंदिनी बंजारे , सोबिया बानो , सरोज गुप्ता , नीरा नेताम , ओंकार नायक ,पंकज साहू , अरशद आलम , शिशिर सामल , उत्कर्ष देवांगन , भावेश ध्रुव , हीरालाल साहू , मनहरण पटेल और गुलेश ध्रुव ने बधाई दी है।



# छात्राओं के स्वास्थ्य जांच से उपचार तक के लिए लगा गर्ल्स कॉलेज में विशेष शिविर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महाविद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी मोहन त्रिपाठी शासकीय कन्या महाविद्यालय, रायगढ़ में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक उपचार, रक्त जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिविर में करीब 1500 छात्राओं को स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान छात्राओं की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों की जांच तथा स्त्री रोग संबंधी समस्याओं की जांच एवं उपचार की सुविधा दी जा रही है। शिविर स्थल पर मोबाइल मेडिकल यूनिट भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से छात्राओं को आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

#### हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न रक्त जांच की सुविधा

शिविर में हीमोग्लोबिन सहित आवश्यक रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जांच के आधार पर चिकित्सकों द्वारा छात्राओं को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जा रहा है। उपचार की आवश्यकता वाली छात्राओं को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जा रही हैं।

#### विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच और परामर्श

जिला चिकित्सालय रायगढ़ की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिशा ठाकुर ने बताया कि शिविर में छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। स्त्री रोग से संबंधित समस्याओं की पहचान के साथ आवश्यक चिकित्सा एवं दवाइयां प्रदान की जा रही हैं। इसी तरह आंखों की जांच के माध्यम से दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान की जा रही है। रक्त जांच के जरिए हीमोग्लोबिन सहित आवश्यक स्वास्थ्य मानकों की स्थिति का परीक्षण किया जा रहा है।

#### समय पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान पर जोर

दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य छात्राओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और आवश्यक उपचार सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम द्वारा छात्राओं की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों और उपचार के संबंध में परामर्श दिया ।

### 100 किलो गीले पुआल से 12 से 15 किलो तक उत्पादन

# कम जगह और कम लागत में पैरा मशरूम उत्पादन से बढ़ेगी आमदनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** कम जगह, कम लागत और कम समय में मशरूम उत्पादन किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए अतिरिक्त आमदनी का बेहतर माध्यम बन सकता है। विशेष रूप से पैरा मशरूम की खेती के लिए बड़े खेत या विशेष संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती। घर के किसी खाली स्थान या छायादार जगह में भी इसकी खेती आसानी से की जा सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ की वैज्ञानिक डॉ. मनीषा चौधरी एवं दीपमाला लकड़ा ने पैरा मशरूम उत्पादन की तकनीक की जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय स्तर पर इसकी अच्छी मांग होने के कारण इसे छोटे स्तर से शुरू किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ की जलवायु में पैरा मशरूम उत्पादन के लिए जून से अक्टूबर तक का समय उपयुक्त है। इसके लिए 30 से 36 डिग्री सेल्सियस तापमान और 90 से 95 प्रतिशत आर्द्रता अनुकूल रहती है। इसका उत्पादन घर के अंदर या छायादार स्थान पर किया जा सकता है। उत्पादन के लिए लगभग 100 सेंटीमीटर लंबी, 60 सेंटीमीटर चौड़ी और 15 सेंटीमीटर ऊंची क्यारी तैयार की जाती है। धान के सूखे पुआल को 7 से 8 सेंटीमीटर मोटे और 70 से 80 सेंटीमीटर लंबे बंडलों में तैयार कर साफ पानी में 12 से 16 घंटे तक भिगोया जाता है। पुआल के उपचार के लिए पानी में 2 प्रतिशत कैल्शियम कार्बोनेट मिलाया जाता है। इसके बाद अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाता है।



मशरूम के बीज को स्पॉन कहा जाता है। बांस या लकड़ी के रैक पर पुआल की परतें लगाई जाती हैं और प्रत्येक परत पर स्पॉन डाला जाता है। चार से पांच परतें तैयार करने के बाद इसे पॉलीथिन से ढक दिया जाता है। करीब 6 से 8 दिनों में पुआल में मायसीलियम फैलने के बाद पॉलीथिन हटा दी जाती है। पुआल सूखने पर हल्का पानी का छिड़काव किया जा सकता है। स्पॉन डालने के करीब 10 से 12 दिनों बाद मशरूम निकलना शुरू हो जाता है। मशरूम की टोपी खुलने से पहले इसकी तुड़ाई की जाती है। एक बार उत्पादन शुरू होने के बाद लगभग 10 से 12 दिनों तक मशरूम प्राप्त किया जा सकता है। 100 किलो गीले पुआल से करीब 12 से 15 किलो तक पैरा मशरूम का उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। मशरूम में पानी की मात्रा अधिक होने के कारण इसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना कठिन होता है, इसलिए तुड़ाई के बाद जल्द उपयोग या बिक्री करना उचित रहता है। उत्पादन के बाद बचा पुआल जैविक खाद

### सेवा संकल्प अभियान

### 17 सितम्बर को हर घर दीया जलाने का आह्वान

**कांकेर 11 सितम्बर।** राज्य शासन द्वारा 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में इसे त्यौहार के रूप में मनाया जाएगा। जिला प्रशासन जिले के नागरिकों से आह्वान किया है कि 17 सितम्बर को संध्या के समय सभी घरों में आशीर्वाद का दीया जलाएं।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने आज जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायत भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सरोवर के किनारे, स्कूल, छात्रावास-आश्रम, प्रमुख पर्यटन स्थल, शहीद स्मारक, पुलिस व सुरक्षा बलों के कैम्प, पुनर्वास केंद्र सहित सभी प्रमुख स्थलों में संध्याकाल में दीया जलाने के निर्देश दिए हैं।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर मनोविज्ञान विभाग ने आयोजित की जागरूकता कार्यशाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल 10 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद को प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोफिया अमरेला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संकट और आत्महत्या की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई।




कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री पी. अतीत राव, हेल्थ कंसल्टेंट, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (डीएमएचपी), शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ ने आत्महत्या के प्रमुख कारणों, मानसिक एवं सामाजिक प्रभावों, चेतावनी संकेतों तथा रोकथाम के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के व्यवहार में होने वाले बदलावों और चेतावनी संकेतों को समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। ऐसे समय में व्यक्ति की बात बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनना तथा आवश्यकता होने पर उसे विशेषज्ञ सहायता तक पहुंचाना आत्महत्या की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यशाला में विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से संवादात्मक एवं इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम से जुड़े सवाल पूछे तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्हें तनाव, भावनात्मक संकट और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने तथा जरूरत पड़ने पर समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि बात करें, सुनें और साथ दें-आत्महत्या को रोका जा सकता है।कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शारदा घोगरे, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग रहीं। उन्होंने कार्यक्रम की भूमिका एवं विषय-वस्तु पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता, संवेदनशीलता, संवाद और समय पर सहायता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि किसी परेशान व्यक्ति की बात ध्यान से सुनना और उसे अकेला महसूस न होने देना भी सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करने तथा आत्महत्या की रोकथाम के लिए सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बनाने पर जोर दिया गया।

### जिले में 15 सितम्बर को रहेगा स्थानीय अवकाश

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक 4 के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2026 के लिए जिले में घोषित स्थानीय अवकाश में संशोधन किया है। पूर्व में जारी आदेश के तहत 9 नवम्बर 2026, सोमवार को दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करते हुए अब 15 सितम्बर 2026, मंगलवार को नवाखाई (नुआखाई) ऋषि पंचमी के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। यह स्थानीय अवकाश जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं के लिए लागू होगा।

# बुनगा में 500 पौधों का किया गया निःशुल्क वितरण




**रायगढ़, 11 सितम्बर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुसौर विकासखंड के ग्राम बुनगा में 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद औषधालय बुनगा द्वारा ग्रामीणों को 500 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में गिलोय, पपीता, घृतकुमारी (एलोवेरा), नीम, तुलसी, आम, कटहल, अमरूद, जामुन, कहुआ, करंज, मुनगा, आंवला, बेल, भूनिम्ब, अर्क, निर्गुंडी, बला, एरंड, अशोक, कनेर, अपराजिता, मेहंदी एवं पीपल सहित विभिन्न औषधीय एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान ग्रामीणों से अपील की गई कि वे पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी लें। उपस्थित लोगों को बताया गया कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ और संतुलित वातावरण तैयार करने की महत्वपूर्ण पहल है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी माँ के सम्मान में पौधा लगाने और उसे पेड़ बनने तक संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय नायक ने किया।यह अभियान हरिहर छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

कार्यक्रम के दौरान मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी ग्रामीणों को पौधरोपण एवं पौधों की देखभाल के लिए जागरूक किया।

# धरमजयगढ़ के दो स्कूलों में बनेगा अहाता, डीएमएफ से 30 लाख रुपये स्वीकृत

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों में शैक्षणिक अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से विकासखंड धरमजयगढ़ के सोनपुर और लिप्ती स्थित दो शासकीय स्कूलों में अहाता निर्माण के लिए कुल 30 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। दोनों स्कूलों के लिए 15-15 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

स्वीकृति के तहत ग्राम पंचायत सोनपुर की माध्यमिक शाला सोनपुर के परिसर में अहाता निर्माण के लिए 15 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत लिप्ती के हाई स्कूल लिप्ती में अहाता निर्माण के लिए 15 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। दोनों कार्य शिक्षा के अंतर्गत खेल अधोसंरचना की उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में शामिल हैं। अहाता निर्माण से स्कूल परिसरों को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही विद्यार्थियों को खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित परिसर उपलब्ध हो सकेगा। दोनों कार्यों की कार्यपालन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धरमजयगढ़ को बनाया गया है। प्रशासनिक स्वीकृति आदेश के अनुसार प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने के लिए 365 दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

#### गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति आदेश में विभिन्न शर्तें निर्धारित की गई हैं। निर्माण शुरू होने से पहले, कार्य के दौरान और कार्य पूर्ण होने के बाद चारों कोणों से ली गई तस्वीरों को अंतिम भुगतान मांग पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कार्यस्थल पर स्थायी सूचना फलक भी लगाया जाएगा, जिसमें योजना का नाम, स्वीकृत राशि, कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता की तिथि तथा डीएमएफ का लोगो प्रदर्शित करना होगा। निर्माण कार्य केवल निर्विवादित शासकीय भूमि पर ही किया जाएगा। खसरे में निजी भूमि दर्ज होने की स्थिति में वहां निर्माण नहीं किया जाएगा। कार्य एजेंसी को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट जिला खनिज संस्थान न्यास को भेजनी होगी। प्रशासन ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप कार्य नहीं पाए जाने पर आवश्यक सुधार कार्य में होने वाला व्यय संबंधित कार्य एजेंसी को स्वयं वहन करना होगा।

### सृजन सभा कक्ष में किया गया जिला स्तरीय प्राचार्यों की बैठक का आयोजन

# कलेक्टर ने 33 बिंदुओं पर की स्कूलों की शैक्षणिक व विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**रायगढ़, 11 सितम्बर।** जिले में स्कूल शिक्षा व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने और शैक्षणिक योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने सृजन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक एवं विभागीय गतिविधियों की 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। बैठक में योजनाओं की प्रगति, विद्यार्थियों से जुड़ी सुविधाओं, पोर्टल आधारित कार्यों, परीक्षा एवं पाठ्यक्रम की स्थिति तथा विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू, डीएमसी श्री आलोक स्वर्णकार, समस्त एपीसी, बीईओ एवं जिले के सभी प्राचार्य उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करना अधिकारियों एवं प्राचार्यों की सामूहिक जिम्मेदारी है। शासन द्वारा विद्यार्थियों के हित में अनेक योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समय पर पहुंचे। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने तथा परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी सामने आने पर उसका तत्काल समाधान किया जाए। विभागीय योजनाओं की प्रगति केवल कागजी कार्रवाई या पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका वास्तविक प्रभाव विद्यालयों और विद्यार्थियों के स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने सभी प्राचार्यों को अपने-अपने विद्यालयों की नियमित समीक्षा करने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर जिला पंचायत सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बैठकों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

#### 'एक पेड़ मां के नाम अभियान, पाठ्यपुस्तकों की प्राप्ति की जानकारी भी ली गई

समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा की गई। इसमें सेवा संकल्प अभियान, इंस्पायर अवार्ड, एमबीयू अपडेशन, माय भारत पोर्टल पंजीयन, बालवाड़ी मॉनिटरिंग एवं एनएमवी की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, सत्र 2026-27 की निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की प्राप्ति एवं वितरण, पाठ्यक्रम पूर्णता तथा छात्रवृत्ति पंजीयन की स्थिति की जानकारी ली गई। बैठक में प्रशस्त एप में पंजीयन, राष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण्य छात्रवृत्ति, त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी, यूडीआईएसई पोर्टल में विद्यार्थियों के प्रमोशन तथा जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

#### स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जोर

विद्यालयों में आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास की उपलब्धता और उनके उपयोग की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों एवं प्राचार्यों को विद्यालयों में उपलब्ध डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग विद्यार्थियों की पढ़ाई को रोचक, सहज एवं प्रभावी बनाने के लिए करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एचपीवी वैक्सीनेशन, क्विज टाइम टेबल, पीएमश्री स्कूल, सीएम हेल्पलाइन, ज्ञान वाटिका, केजीबीवी, एसएनए स्पर्श और जेम पोर्टल सहित अन्य विभागीय विषयों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई।

## एक नजर

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से तारणी घृतलहरे के घर हुआ सौर ऊर्जा का उजाला



**बलौदाबाजार,11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन में आमजनों को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने तथा बिजली के खर्च में राहत देने के उद्देश्य से संचालित पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिले के नागरिकों को मिल रहा है। योजना के माध्यम से परिवार अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाकर सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं और बिजली बिल में राहत प्राप्त कर रहे हैं।ग्राम दशरमा निवासी तारणी घृतलहरे ने भी इस योजना का लाभ लेते हुए अपने घर की छत पर सोलर पैनल इंस्टॉल करवाया है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी सुविधा का लाभ लेकर उन्होंने सौर ऊर्जा को अपनाने का निर्णय लिया। तारणी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले उनके घर का बिजली बिल काफी अधिक आता था। इसी वजह से उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी लेकर घर पर सोलर पैनल लगवाने का निर्णय लिया। अब सौर ऊर्जा का उपयोग करने से उन्हें बिजली बिल के खर्च में राहत मिलने की उम्मीद है।

### खरोरा में केबल चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा/खरोरा 11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के दिशा-निर्देश, पुलिस अधीक्षक डॉ. श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती चंचल तिवारी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय शातिर केबल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के 50 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट से केबल कनेक्शन वायर चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का केबल वायर, जलाने के बाद बचा कॉपर वायर, तार काटने में प्रयुक्त लोहे का पेंचिस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की है। राधेश्याम उर्फ गोलू राय, मनोज कुमार फेकर, किशन उर्फ भंडारी भारती,निवासी कुथरौल थाना सुहेला, जिला बलौदाबाजार घनश्याम उर्फ दादू धीवर, अजयचंद ढीढ़ी कोसरंगी थाना खरोरा गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफथाना खरोरा में धारा 303(2), 317(4), 238(ग), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की है न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

### कानून व्यवस्था व त्यौहार में शांति बनाए रखने तीन आदतन अपराधियों को पुलिस ने किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार 11 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु असामाजिक तत्वों, आदतन अपराधियों एवं गुंडा-बदमाशों के विरुद्ध लगातार सख्त व कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी/कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 (ख) के तहत जिले के 03 कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर का आदेश पारित (दिनांक 09.09.2026) किया गया है। उपरोक्त तीनों अनावेदकों की लगातार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु

# महाविद्यालय में छात्राओं को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 11 सितंबर।** साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' (15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026) के चौथे सप्ताह (06 - 12 सितंबर 2026) के अंतर्गत जिले में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में विशेष महिला/छात्राएं केंद्रित जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 10.09.2026 को थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा शासकीय महाविद्यालय वटगन में एक विशेष संवादात्मक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें



महाविद्यालयीन छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्मार्टफोन प्राइवेसी एवं सुरक्षित ब्राउज़िंग÷ पर विशेष जोर:- ?चौथे सप्ताह की निर्धारित गतिविधियों के अनुरूप पलारी पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से छात्राओं को स्मार्टफोन प्राइवेसी, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया:1. स्मार्टफोन प्राइवेसी सेटिंग्सः छात्राओं को अपने मोबाइल में ऐप्स की परमिशन मैनेज करने, लोकेशन ट्रैकिंग व अनावश्यक डेटा एक्सेस को ब्लॉक करने की जानकारी दी गई।2. सुरक्षित ब्राउज़िंग व फर्जी वेबसाइटें: इंटरनेट का उपयोग करते समय संदिग्ध लिंक्स, फर्जी शॉपिंग पोर्टल्स, जॉब फ्रॉड और असुरक्षित वेबसाइटों से दूर रहने के निर्देश दिए गए।3. सोशल मीडिया अकाउंट की सुरक्षाः इंस्टाग्राम, फेसबुक व व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर प्राइवेसी टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2स्न) लागू करने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने और व्यक्तिगत तस्वीरें/जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई।4. ऑनलाइन उत्पीड़न व ब्लैकमेलिंग से बचावः साइबर बुलिंग, फेक प्रोफाइल और ऑनलाइन प्रताड़ना की स्थिति में बिना डरे तुरंत पुलिस प्रशासन व परिजनों को सूचित करने और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम द्वारा छात्राओं व प्राध्यापकों से अपील की गई कि वे छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक बैनर/पोस्टर पर उपलब्ध क्तक्र कोड को स्कैन कर अपनी जागरूकता की एक सेल्फी अवश्य लें और इसे अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार का संदेश प्रसारित करें। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस समस्त नागरिकों व छात्राओं से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# जल संरक्षण और हर घर स्वच्छ पेयजल हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**रायपुर 11 सितंबर।** जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा विषय है। प्रदेश में जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण हो और प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिले, इस लक्ष्य के साथ राज्य सरकार जल संचय और जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जल संचय जन भागीदारी अभियान की जिलेवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक जल सुरक्षा की दिशा में काम किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जल संरक्षण को केवल शासकीय कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाया जाना चाहिए।



वर्ष 2025-26 में प्रदेश के अनेक जिलों ने जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अब सभी जिलों को अपने निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़कर बेहतर परिणाम के लिए प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अभियान की जिलेवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कोरिया, धमतरी राजनांदगांव सहित अन्य जिलों में जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों के अनुभव और कार्यप्रणाली का लाभ अन्य जिलों को भी मिलना चाहिए, ताकि पूरे प्रदेश में जल संरक्षण के प्रयासों को समान गति मिल सके। जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश कुमार टोप्पो ने बैठक में बताया कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों को इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के साथ उससे बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए गए । ने कहा कि जल संरक्षण के प्रयास तभी दीर्घकालिक परिणाम देंगे, जब शासन के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। जनभागीदारी की इसी शक्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ को जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थायी रूप से स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत सभी जिलों के नोटिफाइड नक्शे तैयार करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। अभियान की मुख्य सचिव स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए तथा जहां भी कमियां सामने आएं, उन्हें तत्काल दूर किया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे हों। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जल जीवन मिशन की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। प्रदेश के प्रत्येक घर तक पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जल जीवन मिशन के शेष कार्यों को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए। सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में इसकी नियमित समीक्षा करें और जहां भी प्रशासनिक, तकनीकी अथवा क्रियान्वयन संबंधी बाधाएं आ रही हैं।

## तीजा-पोला पर्व पर कोसरिया यादव समाज ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से की भेंट



■ **छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी बरा खिलाकर बघेल का किया मूंह मीठा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 सितंबर।** गौ -सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष व जिला कोसरिया यादव समाज के प्रमुख मन्ना यादव ने तीजा-पोला पर्व के उपलक्ष्य में पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी से? सौजन्य भेंट की और पीला गमछा कहना कर उन्हें पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस दौरान कोसरिया यादव समाज के प्रमुख पदाधिकारी श्री यादव सहित प्रदेश उपाध्यक्ष, हरीश यादव जिला युवा अध्यक्ष, भोला यादव आदि उपस्थित थे। गौ -सेवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष श्री यादव ने श्री बघेल से मुलाक़ात कर न केवल उन्हें छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी खुरमी व बरा खिलाया गत दिनों संस्कार धानी नगरी में दो दिनो तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की विस्तृत जानकारी दी और छत्तीसगढ़ महतारी सहित यादव समाज के आराध्य भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी चित्र व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से संबंधित कैलेंडर भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कोशरिया यादव समाज के लोगों को छत्तीसगढ़ी लोक पर्व तीजा-पोरा सहित आगामी श्री गणेश चतुर्थी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारी के संबंध में ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 सितंबर।** स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज न्यू सर्किट हाऊस राजनांदगांव में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाली सेवा संकल्प अभियान की तैयारी संबंध में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने पावर पाईट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जिले में होने वाली गतिविधियों एवं कार्ययोजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

स्कूल शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल औपचारिक आयोजन न होकर जनभागीदारी एवं सेवा भावना का व्यापक अभियान बने। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अभियान की सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने अभियान की शुरुआत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से करने की बात कही। उन्होंने जिले की चयनित 25 ग्राम पंचायतों में दीप प्रज्ज्वलन के साथ राजनांदगांव के रानी सागर तालाब में लगभग एक लाख तथा डोंगरगढ़ में 25 हजार दीप प्रज्ज्वलित करने की तैयारियों को



सुव्यवस्थित रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन में स्वयं सहायता समूहों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मेरे सपनों का भारत चित्र एवं निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को भारत के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के साथ छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव की विकास यात्रा, उपलब्धियों, तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों से जोडऩे के निर्देश दिए। उन्होंने नमो सेवा अनकही कहानियां के माध्यम से शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की प्रेरक कहानियों को सामने लाने तथा स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट लर्निंग एवं एलईडी सुविधाओं का उपयोग करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री श्री यादव ने आंगन मिलन सेवा को केवल औपचारिक आयोजन न रखते हुए पोषण, स्वास्थ्य एवं संस्कार संबंधी जागरूकता से जोडऩे कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर परिचर्चा आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा की कहानी, सेवा संकल्प यात्रा, एवं सेवा मेरा योगदान के तहत जिले की उपलब्धियों और स्थानीय विकास कार्यों को जनभागीदारी से जोडऩे कहा। उन्होंने विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं आवश्यकतानुसार श्रमदान जैसे स्थायी सेवा कार्य करने तथा जल संरक्षण को अभियान का प्रमुख विषय बनाने कहा। प्रभारी मंत्री ने सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत लंबित एवं पात्र प्रकरणों का पूर्व में निराकरण कर हितग्राहियों को शिविर में सीधे लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में समान रूप से प्रभावी आयोजन करने तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की योजनाओं, जिले की उपलब्धियों एवं हितग्राहियों की सफलता की सकारात्मक कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

### लवन में शांति समिति की बैठक, त्योहारों को लेकर दिए सुरक्षा निर्देश

**बलौदाबाजार।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में आगामी त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 10.09.2026 को थाना लवन परिसर में क्षेत्र के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, पार्षदों, कोटवारों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में 'शांति समिति' की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ?उक्त बैठक तहसीलदार श्रीमती कल्पना वर्मा एवं थाना लवन पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें आगामी गणेश चतुर्थी, हरितालिका तीज, पोला एवं अन्य त्योहारों के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। 1. शासकीय गाइडलाइन का पालनः गणेशोत्सव के दौरान शासन व प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने हेतु समितियों को निर्देशित किया गया।2. साइबर जागृति अभियान के तहत दी गई जानकारीः- बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष 'साइबर जागृति अभियान' चलाया गया।

## प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों की बैठक में शिक्षा योजनाओं की समीक्षा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,11 सितंबर।** जिला शिक्षा अधिकारी श के. एस. मेरावी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा ने गुरुवार को प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी में ली। बैठक मे विकासखण्ड पलारी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा, संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों, समस्त अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों का विभाग एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न एजेन्डाओं पर समीक्षा की गई।इसमें प्रमुख रूप से प्रशस्त एप, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाने की समीक्षा, नशा मुक्त विद्यालय की जानकारी, अपार आईडी की जानकारी, बालवाड़ी की जानकारी, आईसीटी योजना की जानकारी,यू डाइस की जानकारी,शिक्षकों की प्रोफाईल एन्ट्री, स्कूल प्रोफाईल एन्ट्री, ड्राप बाक्स में बच्चों को इम्पोर्ट करना संबंधी सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों से जानकारी ली गयी। साथ ही जेम पंजीयन की जानकारी पर चर्चा, एसएनए स्पर्श पर चर्चा, आईसीटी योजना,रंगाई पोताई,निरीक्षण पर चर्चा, व्हीएसके 2.0 नवीन वर्जन पर चर्चा, लईका चिन्हारी एप बच्चों के सर्वे पर चर्चा, एफएलएन कीट का नियमित उपयोग पर चर्चा, एफएलएन को सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्राप्ति के लक्ष्य पर चर्चा,सभी संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शालाओं का नियमित निरीक्षण कर राज्य एवं जिले द्वारा चाही गयी।

# स्वच्छता और अनुशासन का संदेश देने वाले गणेश पंडालों को मिलेगा सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 सितंबर।** गणेशोत्सव के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के संबंध में आज जिला प्रशासन, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने समितियों से समन्वय बनाकर उत्सव को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की अपील की। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा गणेश विसर्जन मार्ग में विद्युत तारों एवं पोल की व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही नगर निगम द्वारा प्रत्येक पंडाल की सफाई के लिए डेडिकेटेड टीम नियुक्त करने की बात कही गई।

पुलिस महानिरीक्षक श्री अजय कुमार यादव ने कहा कि गणेशोत्सव हर्ष और उल्लास का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा




कि किसी अप्रिय घटना को होने से पहले रोकना अधिक महत्वपूर्ण है और इसमें गणेशोत्सव समितियों की भूमिका सबसे अहम है। समितियां अपने स्तर पर अनुशासन और आत्मनियंत्रण बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करें। विसर्जन के दौरान स्वयंसेवकों की अलग टीम बनाई जाए, जो समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के बीच समन्वय बनाए रखते हुए भीड़ को नियंत्रित करे। उन्होंने समितियों से अपील की कि विसर्जन में शामिल स्वयंसेवक नशे की हालत में न हों तथा पूरी तरह जिम्मेदार एवं अनुशासित हो। पुलिस महानिरीक्षक ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित समय एवं ध्वनि सीमा का पालन करने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध है। उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने समितियों से अपील की कि किसी आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह को बिना सत्यापन के आगे प्रसारित न करें तथा ऐसी सामग्री की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। धार्मिक भावनाओं एवं सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने कहा। पंडाल एवं स्टॉल ऐसे स्थान पर लगाए जाएं जिससे एम्बुलेंस सहित आवश्यक सेवाओं के वाहनों के आवागमन में बाधा न आए। मार्ग को लेकर किसी प्रकार की समस्या होने पर समिति प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय स्थापित करे। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले पशुओं के प्रबंधन तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। साथ ही आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए बड़े पंडालों में आवश्यक अग्निशमन उपकरण रखने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान विद्युत सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता एवं विसर्जन व्यवस्था को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंडालों के आसपास ऐसी व्यवस्था हो कि आपातकालीन वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि किसी भी समस्या अथवा विवाद की स्थिति में तत्काल प्रशासन को अवगत कराएं, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। कलेक्टर ने चिकित्सा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दवाइयों एवं सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्र./202609104700003 /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पति श्री श्रीधर अग्रवाल निवासी 66/67, सड़क नंबर 01, स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा-जुनवानी प.ह.नं. 43, रा.नि.मं.-जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 107/1 का भाग रकबा 0.044 हे. 4800 वर्गफीट भूमि को विक्रेता टी. के. गुहा अध्यक्ष आनन्द नगर निर्माण सह समिति मर्या दुर्ग से पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 06/01/1990 को क्रय किया। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 18/09/2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 02/09/2026**
**सुनवाई दिनांक- 18/09/2026**

अति तहसीलदार
दुर्ग-01

मुहर

**शपथ पत्र**

मैं लक्ष्मैया कोटम (LAXMAIYA KOTM) पिता कन्हैया,उम्र 54 वर्ष ग्राम चेरकठी जाति-तेलंगा तहसील-गंगालूर जिला-बीजापुर नाम एतद् द्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं।

मैं ग्राम ग्राम-चेरकठी जाति-तेलंगा तहसील गंगालूर जिला-बीजापुर र का स्थायी निवासी हूं।

मेरा आधार नं. 740693451121 में नाम लक्ष्मन कोटम (LAXMAN KOTAM) अंकित है। जो गलत है नया नाम लक्ष्मैया कोटम (LAXMAIYA KOTM) करवाना चाहता हूं। जो मेरे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा परिचय पत्र क्रमांक IFK0584466 में दर्ज है।

मेरा पुराने नाम लक्ष्मन कोटम (LAXMAN KOTAM) संबंधी से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण राशि शेष हैं।

मैं मेरा उपनाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राणिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**
**लक्ष्मैया कोटम**

**प्रारूप-(तीन)**

**शपथ पत्र (नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिर्वतन के मामले में)**

मैं श्रीमती नागलक्ष्मी कोडे (NAGLAXMI KODE) (माता/पिता पालक का नाम) पति कार्तिक कोडे (KARTIK KODE) निवासी ग्राम-दूधेड़ा, एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूं और निम्नानुसार घोषित करती हूं।

मैं ग्राम दूधेड़ा, तहसील भोपालपटनम, जिला बीजापुर (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूं।

मैं अपने नाबालिग पुत्र का नाम निकिल कुमार कोडे (NIKIL KUMAR KODE) से बदलकर सुशांत कोडे (SUSHANT KODE) करवाना चाहती हूं।

मैं अपने पुत्र नाम का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

मैं अपने पुत्र निकिल कुमार कोडे (NIKIL KUMAR KODE) को मेरे नाबालिग पुत्र का नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**

**नागलक्ष्मी कोडे**

**सत्यापन**

मैं श्रीमती नागलक्ष्मी कोडे (NAGLAXMI KODE) पति कार्तिक कोडे (KARTIK KODE) निवासी ग्राम-दूधेड़ा, तहसील- भोपालपटनम, जिला बीजापुर, (छ.ग.) सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 की अर्न्तवस्तु मेरे व्यक्तिगत ज्ञान व विश्वास मे सत्य व सही है। आज दिनांक 25/08/2026 को स्थान बीजापुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर की।

**शपथकर्ता**
**नागलक्ष्मी**

**शपथ पत्र**

मैं सोनू राम तेलम पिता मारा तेलम उम्र-36 वर्ष ग्राम - पापनपाल तहसील-बीजापुर जिला- बीजापुर एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं।

मैं ग्राम-पापनपाल तहसील बीजापुर जिला बीजापुर का स्थायी निवासी हूं। मेरे पुत्री का वास्तविक वैष्णवी तेलम (VAISHNVI TELAM) है जो उनके जन्म प्रमाण पत्र जो ग्राम- पंचायत पापनपाल से पंजीकरण क्रमांक B-202322-11544-000013 पंजीकरण दिनांक 20/5/2023 को प्राप्त हुआ है जिसमें दर्ज है।

यह कि मेरे पुत्री के आधार नं 583126854774 में नाम वैशान्वी तेलम (VIASHNAVI TELAM) अंकित है जो पूर्ण रूप से गलत है।

(संबंधित शासकीय सेवक द्वारा इस मय धारित पद का नाम के पद पर नियोजित हूं)

अपने, अपनी, पत्नी अपने बच्चों और अपनी दूरतर संतान के लिए तथा अपनी ओर से अपने पूर्व नाम व केवल उपयोग को पूर्णतः त्यागता हूं छोडता हूं तथा उसका परिपालन करता हूं। उसके स्थान पर इस विलेख की तारीख से नाम वैष्णवी तेलम (VAISHNVI TELAM) (अंगीकार करता हूं जिसके लिये कि मुझे तथा मेरी पत्नी एवं मेरे बच्चों और मेरी दूरतर संतान को मेरे द्वारा अंगीकार किये गये नाम से पहचाना जाये न कि मेरे पूर्व जन्मतिथि (केवल से संशोधन कराना चाहती हूँ। पुराना नाम/जन्मतिथि से न्यायलय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण राशि शेष है।

यह कि मैं अपना नाम जन्मतिथि बदलरकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**
**सोनू तेलम**

एक नजर

## बेनु प्रसाद सिदार को पीएचडी



**रायपुर, 11 सितंबर।** ग्राम सरायपतेरा, सरायपाली निवासी बेनु प्रसाद सिदार, पिता क्षेत्रोलाल सिदार, ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें 'शिव शंकर पटनायक के पौराणिक उपन्यासों के नारी पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण' विषय पर शोध कार्य के लिए पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। बेनु प्रसाद सिदार ने यह शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. सविता मिश्रा, पूर्व प्राचार्य, शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजिम, गरियाबंद के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनका शोध केंद्र शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, रायपुर रहा।

## छोटे कारोबारियों के लिए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की घोषणा

**रायपुर, 11 सितंबर।** अमेज़न पे और कोटक महिंद्रा बैंक (केएमबीएल) ने आज एकल स्वामित्व वाले (प्रोपराइटर्स) और छोटे कारोबारियों के लिए अमेज़न पे कोटक बिज़नेस क्रेडिट कार्ड लाने का ऐलान किया। यह कार्ड अमेज़न बिज़नेस पर रजिस्टर्ड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। अमेज़न बिज़नेस वह प्लेटफॉर्म है, जहां से लाखों भारतीय व्यवसाय डिजिटल तरीके से खरीदारी करते हैं। कार्ड पर कैशबैक रिवॉर्ड मिलेंगे और ब्याज-मुक्त क्रेडिट अवधि भी लंबी रहेगी। इससे उद्यमियों को अपनी कारोबारी खरीद बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलेगी और उनकी वर्किंग कैपिटल भी बची रहेगी।

## अमेज़न ने क्रिएटर कनेक्शंस लॉन्च किया

**रायपुर, 11 सितंबर।** अमेज़न ने आज भारत में क्रिएटर कनेक्शंस लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एलिजिबल क्रिएटर्स को सीधे प्रासंगिक ब्रांड अभियानों से जोड़ने और परफॉर्मेंस-आधारित भागीदारी के माध्यम से कमाई के अतिरिक्त अवसर खोलने के लिए डिज़ाइन किया गया एक नया प्रोग्राम है। यह प्रोग्राम अमेज़न के 1.65 लाख से अधिक क्रिएटर्स के बढ़ते क्रिएटर समुदाय में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। क्रिएटर कनेक्शंस क्रिएटर्स के प्रोफ़ाइल, दर्शकों और कंटेंट के आधार पर अभियानों की सिफ़ारिश करके ब्रांड सहयोग में उनके भाग लेने को आसान बनाता है। इसके साथ ही, यह उन्हें अपनी रुचि के अनुरूप अभियानों को खोजने में समर्थ बनाता है। उदाहरण के लिए, एक टेक क्रिएटर जिसके दर्शक कंज्यूमर टेक्नोलॉजी में दिलचस्पी रखते हैं, उसे किसी स्मार्टफ़ोन ब्रांड के प्रासंगिक अभियान की सिफ़ारिश की जा सकती है। क्रिएटर इसमें भाग लेने का विकल्प चुन सकता है, अपने एफ़िलिएट लिंक के माध्यम से अभियान को साझा कर सकता है और एलिजिबल क्लिक और कन्वर्शन के माध्यम से कमाई कर सकता है।

## अमेज़न इंडिया के विक्रेताओं की संख्या 20 लाख तक पहुंची

**रायपुर, 11 सितंबर।** त्योहारी मौसम नजदीक आते ही अमेज़न इंडिया ने आज घोषणा की कि उसके विक्रेताओं की संख्या 20 लाख के मुकाम को पार कर गई है। मार्केटप्लेस से 3 लाख से ज्यादा नए विक्रेता जुड़े हैं, और यह विक्रेताओं की संख्या में साल दर साल की सबसे तेज बढ़त है। इस बढ़ते विक्रेता समुदाय में हर स्तर के कारोबार शामिल हैं। इनमें टियर 3 कस्बों के पहली पीढ़ी के उद्यमियों से लेकर हजारों स्टॉक कीपिंग यूनिट (एसकेयू) संभालने वाले स्थापित ब्रांड तक शामिल हैं। विक्रेता त्योहारी मौसम की तैयारी कर रहे हैं, और अमेज़न का ध्यान द्वड्ड5श्चद्व.द्वद्व पर बिक्री को आसान और सबकी पहुंच में बनाने पर है। इसके लिए कंपनी टूल्स, तकनीक और बुनियादी ढांचे पर काम कर रही है। इनसे विक्रेता अपने उत्पादों का विज्ञापन कर सकेंगे, कारोबार संभाल सकेंगे और ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सकेंगे।

## निर्माण कार्य के कारण कुगदा गेट से भारी वाहनों का प्रवेश निषेध

**रायपुर, 11 सितंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के कुम्हारी-ए केबिन एवं सी-केबिन स्टेशनों के मध्य हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग पर कुगदा गेट किमी 842 पर स्थित रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के एप्रोच हिस्से में कवर्ड शेड निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा एवं कार्य की सुचारू प्रगति सुनिश्चित करने के लिए 02 सितंबर 2026 से 10 सितंबर 2026 तक भारी वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से परिवर्तित किया गया था जिसमें एक्स्टेंशन करते हुए 15 सितंबर 2026 तक आवागमन अस्थायी रूप से परिवर्तित किया रहेगा। इस अवधि में भारी वाहनों को समपार फाटक क्रमांक 429, किमी 840/1-3 (परसदा गेट/कैवल्यधाम) के माध्यम से संचालित किया जाएगा। समपार फाटक क्रमांक 430, किमी 842/8-10 कुगदा गेट का आवश्यकतानुसार हल्के वाहनों के आवागमन के लिए अस्थायी रूप से उपयोग किया जा सकेगा। यह अस्थायी यातायात व्यवस्था कवर्ड शेड निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगी।

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार

## संचालक और मैनेजर गिरफ्तार



**रायपुर, 11 सितम्बर।** पुलिस उपायुक्त मध्य क्षेत्र कमिश्नर रायपुर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मध्य क्षेत्र रायपुर एवं सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइन रायपुर के द्वारा दिये गये, के निर्देशन में एसीपी स्नेहिल साहू थाना सिविल लाइन और थाना देवेंद्र नगर की टीम ने 10 सितम्बर को इशवा लग्जरी स्पा सेंटर में रेड कार्यवाही की गयी।

चेकिंग के दौरान थाना देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित इशवा लग्जरी स्पा सेंटर को चेक करने पर वहां आपत्तिजनक वस्तुएं प्राप्त हुई, साथ ही पाया गया कि स्पॉ के संचालक हरविंदर सिंग ग्रोवर निवासी टिकरापारा एवं मैनेजर मुकेश कुमार वर्मा निवासी भिलाई 3 द्वारा अन्य राज्यों से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार कराया जाता है। स्पॉ मे कार्य करने वाली युवतियों ने भी पूछताछ में संचालक एवं मैनेजर द्वारा उनसे जबरन देह व्यापार कराना बताया गया।

जिस पर स्पॉ सेंटर के संचालक एवं मैनेजर के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 152/2026 धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल आज से शुरू




**रायपुर, 11 सितंबर।** विभिन्न मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल आज से शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में भी इसका असर देखने को मिला है। इसके चलते बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित रहा। बैंक यूनियनों ने 28, 29 और 30 सितंबर 2026 को भी एक-एक दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है। यूएफबीयू का दावा है कि देशभर में 8 लाख से ज्यादा बैंक अधिकारी-कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। हड़ताल की सबसे बड़ी मांग 5 दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करना है। बैंक यूनियनों के मुताबिक मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ और बैंक प्रबंधन के बीच शनिवार की छुट्टी को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन प्रस्ताव को अब तक मंजूरी नहीं मिली है। इसके अलावा पुरानी पेंशन व्यवस्था, पेंशन अपडेट, पेंशन पर समान डीए, ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाने और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल बीमा प्रीमियम समेत कई मांगें भी लंबित हैं।

# धूमधाम से निकली मां भोजली की जस झांकी




**रायपुर, 11 सितंबर।** पोला पर्व के पावन अवसर धूम धाम से ग्राम पिरदा में बाल भोजली उत्सव समिति, ग्राम पिरदा द्वारा माँ भोजली विसर्जन समारोह एवं भव्य जस झांकी (रोड शो) का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता एवं सर्व सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए और माँ भोजली की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों को पोली और भोजली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समारोह में गांव की छोटी-छोटी बच्चियां और और आसपास के माताओं ने सिर पर मां भोजली लेकर पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। और भक्ती के साथ साथ पारंपरिक गीतों से ग्राम पिरदा का वातावरण पूरी तरह छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के रंग में रंग गया। जस झांकी एवं रोड शो के दौरान ग्रामीणों की बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया। माँ भोजली केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, हरियाली, समृद्धि और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

## स्वच्छ एवं सुरक्षित गणेश उत्सव मनाने की अपील

**बीरगांव, 11 सितंबर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिक निगम बीरगांव के सभाकक्ष में गणेश समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिक निगम बीरगांव के आयुक्त युगल किशोर उर्वशा द्वारा शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी गणेश समितियों को सरल एवं स्पष्ट रूप से दी गई।

आयुक्त उर्वशा ने गणेश उत्सव के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पर कचरा पृथक्करण), गणेश पंडाल एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई तथा गणेश प्रतिमा के सुरक्षित एवं व्यवस्थित विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी गणेश समितियों से स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निगम का सहयोग करने तथा आम नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की अपील की। बैठक में रायपुर कमिश्नरेट के उरला एवं खमतराई थाना क्षेत्र से उपस्थित डिप्टी कमिश्नर एवं थाना प्रभारियों द्वारा गणेश उत्सव के दौरान आवश्यक सुरक्षा, यातायात एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अधिकारियों ने गणेश समितियों से उत्सव के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणेश समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने गणेश उत्सव को स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने तथा स्वच्छता व्यवस्था में नगर निगम का सहयोग करने का संकल्प लिया।

PICTURE-स्टोरी



**रायपुर, 11 सितंबर। श्री जैतू साव मठ पुरानी बस्ती में कृष्ण का छट्ठी महोत्सव मनाया गया। प्रातः काल भगवान को बालभोग के रूप में छेवारी लड्डू, मालपुआ का भोग लगाया गया।**

## नए अस्पतालों को उद्योग का दर्जा देने का प्रयास छलावा : गुप्ता



**रायपुर, 11 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. राकेश गुप्ता ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाओं को उद्योग के रूप में मान्यता देने की दिशा में किए गए प्रयासों को केवल छलावा और मृग मरीचिका मात्र बताया है। इससे राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य अधोसंरचना के विकास, निजी निवेश को प्रोत्साहन तथा रोजगार के नए अवसरों के सृजन की संभावनाएं नगण्य ही हैं। औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में 12 जनवरी 2026 को किए गए संशोधन के क्रमांक 14 में अस्पतालों को निवेश प्रोत्साहन के लिए निर्धारित पात्रता शर्तों की समीक्षा आवश्यक है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि मूल औद्योगिक विकास नीति में न्यूनतम 50 बेड वाले एलोपैथिक, आयुष, नेचुरोपैथी अथवा इंटीग्रेटेड अस्पतालों को Health & Wellness Centre श्रेणी में शामिल किया गया था। संशोधन द्वारा इस पात्रता को क्षेत्र के अनुसार काफी कड़ा कर दिया गया है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर, धमतरी, राजनांदगांव, बलोदाबाजार तथा नवा रायपुर के जिला मुख्यालय विकासखंडों में मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए न्यूनतम 200 बेड तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों को निर्धारित मानकों के अनुसार पेरोल पर रखना आवश्यक किया गया है। अन्य क्षेत्रों में भी न्यूनतम 100 बेड तथा बस्तर एवं सरगुजा संभाग में 50 बेड की अलग-अलग शर्तें निर्धारित की गई हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि अस्पतालों को उद्योग का दर्जा देने का मूल उद्देश्य केवल बड़े अस्पतालों को प्रोत्साहित करना ही है, इस नीति से राज्य में स्वास्थ्य अधोसंरचना में व्यापक निवेश को आकर्षित नही होगा। विशेष रूप से टियर-2 एवं टियर-3 शहरों तथा जिला स्तर पर छोटे और मंझले आकार के 50 से 100 बेड के अस्पताल स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी करते हैं। ऐसे अस्पताल मरीजों को प्राथमिक एवं माध्यमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने, बड़े शहरों के रेफरल को कम करने और बड़े अस्पतालों पर दबाव घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। औद्योगिक प्रोत्साहन नीति को केवल अस्पताल के बेड की संख्या के आधार पर निर्धारित करने के बजाय वास्तविक निवेश, रोजगार सृजन, सेवाओं की उपलब्धता, स्थानीय स्वास्थ्य आवश्यकताओं तथा अस्पताल द्वारा विकसित की जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं को भी आधार बनाया जाना चाहिए।

## एक ही दिन में चोरी-धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज 1.60 लाख नकद समेत बाइक व कॉपर वायर पार

**रायपुर, 11 सितंबर।** राजधानी में चोरी और धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज प्रकरणों में अज्ञात चोरों ने नकदी, कॉपर वायर और दोपहिया वाहन चोरी कर लिए। वहीं नौकरी लगाने का झांसा देकर 3.78 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला भी सामने आया है। तेलीबांधा पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही गांजा तस्करी के मामले में भी कार्रवाई की है।

ऑटो से 1.60 लाख रुपए पारः सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ममता जतवारी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह ऑटो रिक्शा से मल्टीलेवल पार्किंग से भनपुरी चौक जा रही थीं। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उनके पर्स में रखे 1.60 लाख रुपए नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305-बी के तहत मामला दर्ज किया है।

दुकान का ताला तोड़कर कॉपर वायर चोरीः खमतराई थाना क्षेत्र के रावांभाठा स्थित बीएच कंपनी में अज्ञात चोर ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर रखे करीब 600 मीटर कॉपर वायर, कीमत 95 हजार रुपए चोरी कर लिए। घटना 9 सितंबर की रात करीब 1 बजे की बताई गई है।

**सरकारी नौकरी लगाने का झांसा, 3.78 लाख की ठगीः** टिकरापारा क्षेत्र में धन्नूराम ध्रुव से राजस्व विभाग में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर 3.78 लाख रुपए लेने और नौकरी नहीं लगाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**घर से बाइक चोरीः** खम्हारडीह के गायत्री नगर में अज्ञात चोर ने मकान का कुंदा खोलकर पोर्च में खड़ी होंडा ड्रीम नियो बाइक (सीजी 07-बीएफ 2236) चोरी कर ली। बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है।

**मरीन ड्राइव से अपाचे चोरीः** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव में खड़ी टीवीएस अपाचे बाइक (सीजी 04-एमवी-2637) अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। इसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है।

इसके अलावा तेलीबांधा पुलिस ने शहर गली के पास अवैध चाकू लेकर लोगों को आतंकित करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं जोरा स्कूल के पास कार की डिक्की में प्लास्टिक बैग में रखा 2 किलो 300 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 1.15 लाख रुपए बताई गई है, बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## शांति शिखर में 13 सितम्बर को उद्योग व्यापार महासम्मेलन



**रायपुर, 11 सितंबर।** पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित नवा रायपुर सेक्टर-20 के भव्य शांति शिखर भवन में रविवार 13 सितम्बर 2026 को सुबह 10.30 बजे एक विशाल राष्ट्रीय महासम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के उद्योग-व्यापार प्रभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस अखिल भारतीय उद्योगपति एवं व्यापारी महासम्मेलन में देश-भर के नामचीन कॉर्पोरेट लीडर्स, उद्योगपति और कारोबारी शिरकत करेंगे।

पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि महासम्मेलन का विषय सचेत पूंजीवाद-दिशाहीन दुनिया में मकसद के साथ प्राफिट रखा गया है। आयोजकों के अनुसार वर्तमान अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते दौर में व्यापार जगत भारी तनाव, चिंता और अनिश्चितताओं से जूझ रहा है। ऐसे में व्यवसाय केवल धन कमाने का जरिया न बने बल्कि जीवन में सच्ची शांति, मानवीय मूल्यों और संबंधों में मधुरता लेकर आए। इसी उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हीरा उद्योग को नई परिभाषा देने वाले और अपने कर्मचारियों को दिवाली पर कार व मकान तोहफे में देने के लिए मशहूर हरि कृष्णा एक्सपोर्ट्स सूरत के फाउंडर पद्मश्री सवजी भाई ढोलकिया शामिल होंगे। उनके साथ ही देश की अग्रणी स्टेनलेस स्टील कंपनी विराज प्रोफाइल्स प्रा. लि. के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज राजा कोचर (मुंबई) भी सम्मानित अतिथि के रूप में मंच साझा करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में मुंबई की सुप्रसिद्ध कॉर्पोरेट ट्रेनर ब्रह्माकुमारी क्रिना अपने प्रेरणादायी विचारों से उद्योगपतियों को मार्गदर्शन देंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अविनाश ग्रुप के डायरेक्टर आनंद सिंघानिया, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी और कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर पारवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। ब्रह्माकुमारीज़ इंदौर जोन की डायरेक्टर ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी और रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी भी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगी।

# लोक निर्माण विभाग के 6 ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड

## बस्तर में सड़क निर्माण में विलंब पर कड़ी कार्रवाई, दो का पंजीयन भी निरस्त

**रायपुर, 11 सितंबर।** लोक निर्माण विभाग ने सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों में अत्यंत धीमी प्रगति और कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लेने वाले 6 ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की है। विभाग द्वारा अनुबंध के अनुसार कार्य नहीं होने पर बार-बार नोटिस जारी करने, अनुबंध अवधि बढ़ाने, ठेकेदारों द्वारा स्वयं शपथ पत्र देने के बावजूद काम नहीं करने तथा कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर उनके पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। दो ठेकेदारों के पंजीयन भी निरस्त किए गए हैं।

राज्य शासन ने बस्तर की महत्वाकांक्षी सड़कों के निर्माण की धीमी गति और विलंब को देखते हुए व्यापक समीक्षा के बाद वहां निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करने में रूचि नहीं दिखाने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की है। ये ठेकेदार बार-बार नोटिस जारी करने तथा स्वयं शपथ पत्र देने के बावजूद काम नहीं कर रहे थे। इनके द्वारा निर्माणाधीन सड़कों और पुलों को पूर्ण करने में रूचि नहीं ली जा रही थे। राज्य शासन ने इन कार्रवाईयों को लेकर बिलासपुर उच्च न्यायालय में कैविएट भी दायर की है।

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा सड़कों और पुलों के निर्माण में कोताही, लापरवाही और अनुबंधों के उल्लंघन पर ठेकेदार के. मोहन रेड्डी, मेसर्स शांति विजय कन्स्ट्रक्शन, मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा., मेसर्स राघवा कन्स्ट्रक्शन, मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स पंकज हालदार के पंजीयन अ-नवीनीकरण (Non-Renewal) के आदेश जारी किए गए हैं। विभाग ने सार्वजनिक आवागमन और जनसुविधा के कार्यों में हीला-हवाला को गंभीरता से लेते हुए ठेकेदार के. मोहन रेड्डी और मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. के पंजीयन को भी निरस्त कर दिया है।

लोक निर्माण विभाग ने सुकमा जिले में चिंतलनार-मरियागुड़म मार्ग और कोंटा-गोलापल्ली मार्ग का काम कर रहे मेसर्स राघवा कंस्ट्रक्शन के पंजीयन को आगामी 5 वर्षों तक अ-नवीनीकरण की कार्रवाई की है। नारायणपुर जिले में नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा का निर्माण कर रहे मेसर्स शांति विजय कन्स्ट्रक्शन के पंजीयन के नवीनीकरण पर भी आगामी 5 वर्षों तक रोक लगाई गई है। विभाग द्वारा चिंतलनार-मरियागुड़म मार्ग का काम कर रहे मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. के पंजीयन को निरस्त करते हुए आदेश दिनांक से आगामी 5 वर्षों तक अनवीनीकरण के आदेश जारी किए गए हैं।

लोक निर्माण विभाग ने सुकमा जिले में भेज्जी-चिंतागुफा मार्ग और चिंतलनार-मरियागुड़म सड़क का निर्माण कर रहे ठेकेदार के. मोहन रेड्डी के पंजीयन को निरस्त करते हुए आदेश दिनांक से आगामी 5 वर्षों तक अनवीनीकरण के आदेश जारी किए हैं।

विभाग ने कोंटा-गोलापल्ली मार्ग का काम कर रहे मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के पंजीयन को आगामी 2 वर्षों तक अ-नवीनीकरण की कार्रवाई की है। वहीं नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग पर पुल-पुलिया का निर्माण कर रहे मेसर्स पंकज हालदार के पंजीयन को भी आगामी 5 वर्षों तक नवीनीकरण पर रोक लगाई गई है।

# सीसीए रायपुर ने सुयश हॉस्पिटल के साथ विश्वस्तरीय कैंसर सेंटर का शुभारंभ किया



**रायपुर, 11 सितंबर।** प्रदेश के राजधानी रायपुर में स्थित सुयश हॉस्पिटल ने क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा की कड़ी में कैंसर के इलाज की नई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 10 सितंबर को विश्वविख्यात कैंसर सेंटर्स ऑफ अमेरिका (सीसीए) ग्रुप के साथ मिलकर कैंसर सेंटर का शुभारंभ किया है, यह सेंटर मरीजों को एक ही स्थान पर व्यापक और आधुनिक कैंसर उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा। नए सेंटर में अनुभवी कैंसर विशेषज्ञ, आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित उपचार पद्धतियां और मरीजों को प्राथमिकता देने वाली सेवाएं उपलब्ध हैं। इसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली कैंसर चिकित्सा को अधिक सुलभ बनाना और मरीजों को बेहतर उपचार उनके घर के करीब उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृज मोहन अग्रवाल, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील कुमार सोनी, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत तथा महापौर मीनल चौबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26